हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार 3 मार्च 2026

तापमान

अधिकतम 35.5 डिग्री

न्यूनतम 16.4 डिग्री

नामांतरण और बटांकन का काम पंचायतों में होगा... 10



तेजी से गिर रहा भूजल स्तर, पानी को ग्रामीण ... 11





## खबर संक्षेप

### होली पर 4 मार्च को शुष्क दिवस घोषित

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह के आदेशानुसार 4 मार्च होली के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर ने जिले में स्थित समस्त देशी मदिरा एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, रेस्टॉरेन्ट, बार, होटल-बार, क्लब आदि जैसे एफ.एल.-1(घघ), एफ.एल.-1(घघ-कम्पोजिट), सी.एस.-2(घघ), सी.एस.-2(घघ-कम्पोजिट), सी.एस.-2(ग-अहाता), सी.एस.-2(ग-कम्पोजिट अहाता), एल.एल.-1(ख-अहाता), एफ.एल.2 क, 3, 3क, 3ग, 4, 4क, 5,5(क), 6, 7, 8, 9, 9(क), सी.एस. 1, सी.एस. 1-ख, सी.एस. 1 -ग, एफ.एल. 10, भांग/भांगघोटा एवं भण्डारण भाण्डागार भिलाई को 04 मार्च 2026 को पूर्णतः बंद रखने के आदेश दिया है।

### दो दिनों में 121 आदतन बदमाशों को भेजा जेल



**भिलाई।** होली पर्व को लेकर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से असामाजिक तत्वों, धारदार हथियार रखने वाले, पूर्व में आपराधिक गतिविधियों में शामिल आदतन आरोपियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। पुलिस ने अशांति फैलाने, आपराधिक घटना घटित करने वाले 97 आदतन आरोपियों के खिलाफ धारा 170 बीएनएसएस के प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया। दो दिनों में जिले में 121 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। जिसमें थाना दुर्ग 8, मोहन नगर 14, पद्मनाभपुर 5, पुलगांव 1, अंजोरा 10, जेवरा सिरसा 1, नगपुरा 1, नेवई 3, वैशाली नगर 3, सुपेला 6, स्मृति नगर 1, छावनी 6, जामुल 15, खुर्सीपार 3, पुरानी भिलाई 10, कुम्हारी 4, पाटन 8, उतई 8, रानीतराई 1, अण्डा 2, जामगांव आर 1, अमलेश्वर 3, धमधा 4, नंदिनी 3 शामिल है।

### शराब का अवैध कारोबार सात को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** होली को लेकर पुलिस ने अभियान चलाकर सात युवकों को पुलिस ने पकड़ा है। आरोपी युवकों द्वारा शराब का अवैध कारोबार किया जा रहा था। पुलिस ने बताया कि थाना अण्डा, उतई, नंदिनी नगर, सुपेला, नेवई, रानीतराई से आलबरस अण्डा निवासी मोरध्वज देशमुख, निलेश यादव,चिरपोटी, अण्डा मुकेश कोसरे,निकुम, अण्डा फूल सिंह, बोहारडीह, उतई पुरेन्द्र ठाकुर, सेलूद, उतई राकेश साहू,टेकापार बोरी, नंदिनी नगर जीवनलाल पटेल, पुष्पक नगर, सुपेला निवासी टिमन लाल ठाकुर, जांजगीर चांपा (थाना सुपेला) वेदांत सिंह, ग्रीन वेली, जुनवानी, सुपेला अनूप राकेश, स्टेशन मरोदा सुनील कुशवाहा, दरबार मोखली रानीतराई मनहरण लाल को पकड़ा गया। आरोपियों के पास ने 188 पौवा शराब कीमती 17 हजार रुपए जब्त की गई।

# स्वयं की जमीन पर आवास बनाने भटक रहे लोग, नियम बदलने से बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

अलग खबर

**23 वर्गमीटर यानी लगभग 247.57 वर्ग फीट जमीन होना अनिवार्य**



नगर निगम भिलाई क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत खुद की जमीन पर घर बनाने की चाह रखने वाले लोग इन दिनों असमंजस में हैं। इस योजना के नियम बदल गए हैं, जिसकी जानकारी लोगों को नहीं है। जानकारी के अभाव में लोग कभी जनप्रतिनिधि तो कभी नगर निगम का चक्कर लगा रहे हैं।

पहले पीएमएवाय के तहत स्वयं की जमीन पर मकान बनाने के लिए न्यूनतम 18 वर्ग मीटर यानी लगभग 194 वर्ग फीट जमीन जरूरी थी। अब तस्वीर बदली है। पीएमएवाय 2.0 में नियम संशोधित कर दिए गए हैं। नई व्यवस्था के अनुसार अब खुद की जमीन पर आवास निर्माण के लिए कम से कम 23 वर्ग मीटर यानी लगभग 247.57 वर्ग फीट जमीन होना अनिवार्य कर दिया गया है और यहीं से परेशानी शुरू हुई है। शहर के कई आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के पास जमीन तो है, लेकिन उसका रकबा 18 से 22 वर्ग मीटर के बीच है। उन्हें लगता है कि वे पात्र हैं, क्योंकि पहले की जानकारी यही थी। जब वे आवेदन या जानकारी के लिए निगम पहुंचते हैं, तब उन्हें नए नियम का पता चलता है। सार्वजनिक सूचना के अभाव में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, जिनके पास 23 वर्ग मीटर या उससे अधिक जमीन है, वही पीएमएवाय 2.0 के तहत स्वयं की जमीन पर आवास निर्माण के पात्र माने जाएंगे। इससे कम रकबा होने पर आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### ऐसे में कभी आवास का सपना पूरा नहीं होगा



वार्ड 19 रामनगर भिलाई निवासी शिवकुमार ने बताया कि उनका जमीन पट्टे वाला है, जिसका क्षेत्रफल 228 वर्गफीट यानी 21.18 वर्ग मीटर है। पहले स्वयं की जमीन पर पीएम आवास योजना के तहत 18 वर्ग मीटर होना आवश्यक था, लेकिन नियम बदलने से अब परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में किसी गरीब के खुद की जमीन पर आवास बनाने का सपना कभी पूरा नहीं हो पाएगा।

### सूडा को भेजा गया है पत्र

पहले स्वयं की जमीन पर मकान बनाने 18 वर्गमीटर जमीन होना आवश्यक था, लेकिन अब 23 वर्गमीटर जमीन होना आवश्यक है। लोगों की परेशानियों को देखते हुए स्टेट अर्बन डवलपमेंट एजेंसी (सूडा) को पत्र प्रेषित किया गया है। उनके दिशा निर्देश के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

-कुलदीप गुप्ता,
आयुक्त जोन-3, भिलाई

## निगम के नोटिस-नोटिस खेलने और ढुलमुल रवैये से व्यापारियों में आक्रोश

# सब्जी मंडी शिफ्ट करने व्यापारी हुए एकजुट भिलाई निगम को दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

*भिलाई में स्थित आकाश गंगा थोक सब्जी मंडी को राधिका नगर में शिफ्ट करने और चिल्हर व्यापारियों के ऊपर बकाया राशि को कम करने और चबूतरों के सही आवंटन को लेकर मंडी के व्यापारियों ने एक बड़ी बैठक बुलाई। बैठक में उन्होंने कड़ा निर्णय लिया और निगम प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि एक महीने के भीतर थोक सब्जी मंडी के शिफ्ट होने और अन्य अन्य मुद्दों पर ठोस निर्णय नहीं हुआ तो वो लोग मंडी को बंद कनरे के लिए मजबूर होंगे।*

थोक सब्जी मंडी के अध्यक्ष रविंद्र सिंह रवि ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में कई बार नगर निगम के अधिकारियों से पत्राचार किया है। जिम्मेदार नेताओं और विधायक के सामने भी मांग को रखा है, लेकिन उनकी मांग पर ध्यान ना देकर केवल इतने बड़े और अहम मुद्दे को लटकाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने फिर से भिलाई निगम आयुक्त को पत्र लिखा है और बताया कि आकाश गंगा थोक सब्जी मंडी पहले पावर हाउस भिलाई से किया जा रहा था। साल 2000 में इस थोक और चिल्लर सब्जी मंडी को संयुक्त रूप से नगर निगम भिलाई द्वारा आकाश गंगा में शिफ्ट किया गया। जब मंडी शिफ्ट की गई तब यह तय किया गया था कि इस मंडी में 25 थोक व्यापारी और 300 चिल्हर सब्जी विक्रेता व्यापार करेंगे। वर्तमान में मंडी की स्थिति यह है कि यहां थोक सब्जी व्यवसायियों की संख्या 110 हो गई है वहीं चिल्हर व्यापारियों भी दोगुने से अधिक हो गई है। मंडी में बढ़ती दुकानों और जगह की कमी को देखते हुए व्यापारी संघ ने 10-11 साल पहले इसे दूसरी जगह शिफ्ट करने की मांग उठाई। उन्होंने राज्य शासन व जिला प्रशासन के अधिकारियों सहित मंत्री व विधायक तक से समय समय पर पत्राचार व मुलाकात करके अपनी समस्या से उन्हें अवगत कराया, लेकिन उनकी समस्या का कोई समाधान नहीं निकाला गया। इस बात को लेकर अब मंडी व्यापारियों में काफी रोष हैं। उन्होंने इसको लेकर एक बड़ी बैठक बुलाई, जिसमें थोक व चिल्हर व्यापारियों से लेकर मंडी में काम करने वाले हमाल व अन्य लोगों सहित किसानो तक को शामिल किया गया।





■ राधिका नगर में मंडी को कृषि उपज मंडी की तर्ज पर शिफ्ट करने की मांग

### हर दिन 100 बड़े, 300 छोटे वाहनों का आवागमन

अध्यक्ष रवि ने बताया कि मंडी में वाहनों का आवागमन इतना बढ़ गया है कि यहां हर दिन सब्जी लेकर 100 से अधिक बड़े वाहन और 300 से अधिक छोटे व मझोले वाहनों का आवागमन होता है। इनके लिए पार्किंग व्यवस्था न होने से व्यापार संचालन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके चलते सब्जी का समय पर उठाव नहीं हो रहा है और किसानों द्वारा लाई गई सब्जियों का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। मंडी परिसर में आवागमन एवं निकास का एक ही रास्ता होने से प्रतिदिन व्यापारियों में आपसी मतभेद की स्थिति निर्मित हो जाती है।

### मंडी बंद करने का लिया गया फैसला

इन परेशानियों के चलते और किसानों व व्यापारियों को हो रहे भारी नुकसान को ध्यान में रखते हुए सभी थोक सब्जी विक्रेताओं ने फैसला किया है कि एक माह के भीतर समस्या का समाधान नहीं होता है और नगर द्वारा चयनित शासकीय भूमि (राधिका नगर) थोक सब्जी मंडो को कृषि उपज मंडी की तर्ज पर शिफ्ट नहीं किया जाता है तो आकाशगंगा थोक सब्जी विक्रेताअनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाएंगे और वायापार को बंद करेंगे। इस निर्णय का समर्थन आकाशगंगा चिल्हर सब्जी विक्रेता संघ, पावर हाउस चिल्हर सब्जी विक्रेता संघ, लक्ष्मी मार्केट सुपेला चिल्हर सब्जी विक्रेता संघ, दुर्ग थोक सब्जी विक्रेता संघ ने किया है।

**चप्पे-चप्पे पर रहेगी पुलिस की नजर**

# होली पर जिले की सुरक्षा के लिए 800 पुलिस जवानों की तैनाती



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

होली पर्व को लेकर पुलिस सुरक्षा व्यवस्था बेहतर करने 2 मार्च को होलिका दहन और 4 मार्च को रंग-गुलाल की होली मनाया जाना है। पुलिस ने पूरे जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था किया है।

पुलिस की बाज टीम होली पर्व हुड़दंगियों पर पैनी नजर रखेगी। जिला पुलिस ने पूरे जिले को 10 अनुविभागों में बांट दिया है। हर इलाके पर अलग-अलग अफसर निगरानी रख सकें। शहर से ग्रामीण क्षेत्रों तक हर थाना और चौकी को जिम्मेदारी दी गई है। दुर्ग, मोहननगर, पद्मनाभपुर, पुलगांव, भिलाई नगर, सुपेला, छावनी, पुरानी भिलाई, कुम्हारी, पाटन, धमधा और नंदिनी सहित सभी इलाकों में पुलिस बल तैनात रहेगा। जिले में करीब 800 पुलिसकर्मी अलग-अलग स्थानों पर ड्यूटी में रहेंगे। 139 महत्वपूर्ण जगहों को चिन्हित कर फिक्स प्वाइंट बनाए गए हैं। 73 पेट्रोलिंग पार्टियां भी बनाई गई हैं, जो दिन-रात गश्त करेंगी। भीतर की गलियों और बस्तियों में नजर रखने के लिए 30 बाइक सवार बाज पार्टियां तैयार की गई हैं। ये टीमें संकरी गलियों, चौक-चौराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में लगातार घूमकर हालात पर नजर रखेंगी।

होली के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वालों, हुड़दंग करने वालों और नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। दो पहिया वाहन पर तीन सवारी बैठाने, नाबालिगों के वाहन चलाने और तेज रफ्तार से गाड़ी दौड़ाने वालों के खिलाफ चालान और वाहन जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

### इन क्षेत्रों में किया गया पेट्रोलिंग

पुलिस नियंत्रण कक्ष सेक्टर-06 भिलाई से मार्च शुरु होकर रेल चौक, सेक्टर-09 तिराहा, 32 बंगला, वायशेप ब्रिज, मालवीय नगर चौक, पटेल चौक, सर्किट हाउस, अंडर ब्रिज, सूर्या माल चौक, अवंती बाई चौक, गदा चौक, सुपेला चौक, 18 नंबर रोड, कुरुद कोहका, कैंप-1 जामुल, खुर्सीपार, पुरानी भिलाई, र पुलगांव चौक, भारती कॉलेज, महाराजा चौक, जेल तिराहा, महारानी दुर्गावती चौक, राजेंद्र पार्क चौक, ग्रीन चौक सहित थाना मोहन नगर थाना दुर्ग क्षेत्र में पेट्रोलिंग की गई।

# उड़नदस्ता दल ने 12वीं बोर्ड एग्जाम के केंद्रों का किया निरीक्षण, रजिस्टर मेंटेन करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



■ जिला शिक्षा अधिकारी मिश्रा ने 9 केंद्रों का किया अवलोकन

हायर सेकंडरी 12वीं बोर्ड परीक्षा के अंतर्गत सोमवार को गणित, कंप्यूटर एप्लीकेशन, भारतीय संगीत, चित्रकला, नृत्य कला, स्टेनो टाइपिंग, वाणिज्यिक गणित और औद्योगिक संगठन के मूल तत्व जैसे विभिन्न विषयों की परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा द्वारा गठित विभिन्न उड़नदस्ता दलों ने जिले के अनेक परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस सघन निगरानी प्रक्रिया के दौरान मुख्य रूप से सेजस हाउसिंग बोर्ड सहित कई महत्वपूर्ण केंद्रों की जांच की गई। 9 केंद्रों की सूक्ष्म जांच की गई, जिनमें सेजस हाउसिंग बोर्ड, सेजस अहिवारा, गोढ़ी, कपसदा, नारधा, सेजस जामुल, कुरूद, कोहका और सेजस तितुरडीह के केंद्र शामिल रहे।

### अलग-अलग टीमों ने किया औचक निरीक्षण

उड़नदस्ता की अलग-अलग टीमों ने स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। सहायक संचालक सीमा नायक ने 6 केंद्रों का अवलोकन किया गया, जिनमें निर्मला रानी खुर्सीपार, सरस्वती विद्यालय सेक्टर-4, नेशनल स्कूल दुर्ग, ढौर, सेजस जामुल और सेजस हाउसिंग बोर्ड के परीक्षा केंद्र सम्मिलित थे। बीईओ विनोद शुक्ला ने चंदखुरी और अण्डा स्थित 2 केंद्रों का जायजा लिया। पाटन के बीईओ डीके देवांगन ने 5 केंद्रों की समीक्षा की। वे सोमनी, पुरैना, सेजस जामगांव एम, तर्रा और सेजस देवादा के परीक्षा केंद्र पहुंचे। इसके अतिरिक्त, धमधा क्षेत्र में विकासखंड शिक्षा अधिकारी अथर्व शर्मा ने अहेरी, सेजस अहिवारा और सेजस नंदनी खुदनी स्थित 3 केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया।

### धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने वाला पकड़ाया



**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गायत्री मंदिर के आगे मुख्य मार्ग, पुलगांव के पास हथियार लेकर डराने वाले की सूचना पुलिस को मिली। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने युवक को हथियार के साथ पकड़ा। पूछताछ करने पर बताया कि दुर्ग निवासी आदित्य मिश्रा उर्फ रितिक है। आरोपी के पास से लोहे का धारदार हथियार जप्त किया। युवक को गिरफ्तार करर उसे न्यायालय में पेश किया गया।

# स्टंट करने वाले कार चालक को पुलिस ने पकड़ा, मंगवाई कान पकड़कर माफी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



सिविक सेंटर में एक कार चालक को पुलिस ने सड़क पर खतरनाक स्टंट कर लोगों को परेशान करने के आरोप में पकड़ा और कान पकड़कर दोबारा ऐसा न करने की हिदायत देते हुए माफी मंगवाई। पुलिस ने बताया आरोपी युवक का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा था। उसमें वो अपनी स्वीफ्ट कार से भीड़भाड़ वाले एरिया सिविक सेंटर की सड़क पर स्टंट कर रहा था। कार की रफ्तार काफी तेज होने और स्टंट करने से लोग काफी डर रहे थे। इससे बड़ा हादसा भी हो सकता था। कुछ लोगों ने उसके स्टंट का वीडियो बनाया और सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। वीडियो में यह भी दिखा कि स्टंट के दौरान कार ने सड़क किनारे खड़ी कई गाड़ियों को टक्कर भी मारी। पुलिस ने वीडियो के आधार पर कार सीजी 08 एएन 3288 जो की राजनांदगांव पासिंग को पकड़ा। पुलिस ने कार चालक दयानगर रिसाली निवासी स्वपनील कोठारी को हिरासत में लिया। कार को जब्त कर भिलाई नगर थाने लाया गया। यहां चालक के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट व बीएनएस के तहत कार्रवाई करते हुए युवक से कान पकड़कर माफी भी मंगवाई गई।

**इस बार की होली में पारा 37 डिग्री तक पहुंचने के आसार, स्थानीय प्रभाव से मौसम में बदलाव के भी आसार**

# मार्च की शुरुआत में ही पारा 35 डिग्री के पार, रात का तापमान 16.4 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

मार्च की शुरुआत में ही गर्मी तेजी से बढ़ी है। दिन में चुभने वाली गर्मी पड़ रही है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले पांच दिनों के दौरान अधिकतम तापमान दो से तीन डिग्री और बढ़ सकता है। इसके बाद अगले दो दिनों में अधिकतम तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं जताई गई है। वहीं न्यूनतम तापमान अगले सात दिनों तक लगभग स्थिर बना रह सकता है। सोमवार को दुर्ग जिले का अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो समान्य से 1.8 डिग्री ज्यादा रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 16.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो समान्य से 2.4 डिग्री तक कम रहा। यानी दिन में चुभने वाली गर्मी महसूस की गई। वहीं रात में हल्की ठंड रही। मौसम विभाग के मुताबिक होली के दिन तापमान 37 डिग्री के पार पहुंच सकता है। तापमान में एकदम से बढ़ोत्तरी होने के कारण स्थानीय प्रभाव से मौसम में बदलाव के आसार भी बने हुए हैं।



### तापमान में 24 घंटे में एक डिग्री से ज्यादा की बढ़ोत्तरी

मौसम विभाग की मानें तो दुर्ग जिले में पिछले 24 घंटे के अंदर तापमान में एक डिग्री की बढ़ोत्तरी हुई है। शहर में मौसम साफ रहा, चिलचिलाती धूप ने लोगों को गर्मी का अहसास कराया। पिछले हफ्तेभर से मौसम ड्राइ बना हुआ है, दिन में गर्मी और सुबह-रात में हल्की ठंड महसूस हो रही है। जनवरी की तरह फरवरी महीने में भी आसमान आमतौर पर साफ बना रहता है और सतही हवाएं हल्की रहती हैं। हालांकि उत्तर भारत से गुजरने वाले वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से कभी-कभार मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है।

**दोपहर में तेज धूप से निकल रहा पसीना**

### स्थानीय प्रभाव से मौसम में आ सकता है बदलाव

मौसम विभाग के मुताबिक तापमान में तेजी से बढ़ोत्तरी की स्थिति में स्थानीय प्रभाव से मौसम में बदलाव आ सकता है।बादल छाने के साथ गरज-चमक और बारिश की स्थिति बन सकती है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ऐसी स्थिति में कुछ मौकों पर आंधी, ओलावृष्टि और तेज हवाएं भी चलती हैं। कुछ स्थितियों में न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस से नीचे भी चला जाता है। इसके साथ ही कुछ वर्षों में फरवरी महीने में अच्छी बारिश भी रिकॉर्ड की गई है।



### मौसम रहेगा शुष्क, दक्षिण छत्तीसगढ़ में सिस्टम सक्रिय

मौसम विभाग के मुताबिक पूर्वोत्तर बांग्लादेश और उससे सटे मेघालय से पश्चिम बंगाल, आंतरिक ओडिशा और दधिणी छत्तीसगढ़ होते हुए एक चक्रवती परिसंचरण समुद्र तल से 0.9 किलोमीटर बना हुआ है। यह सिस्टम कमजोर है, लेकिन इसका असर बना हुआ है। इस वजह से दक्षिण छत्तीसगढ़ के अलावा आसपास के क्षेत्रों का मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम में अगले 72 घंटे में बहुत अधिक परिवर्तन की संभावना कम है। इस प्रकार होली के दिन मौसम समान्य रहेगा। तेज धूप खिलेगी।



**खबर संक्षेप**

## आदान राशि किसानों की समृद्धि का ऐतिहासिक कदम



**दुर्ग।** राज्य की भाजपा सरकार ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पिछले दिनों किसानों को आदान राशि जारी की है। इनपुट सहायता के रूप में 10,000 करोड़ से अधिक की राशि का अंतरण किया गया है। इसका दुर्ग जिला भाजपा ने स्वागत किया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता नितेश साहू ने कहा कि राज्य सरकार की किसान हितैषी नीति का सशक्त प्रमाण है। कृषक उन्नति योजना के माध्यम से धान उत्पादक किसानों को प्रति क्विंटल 3100 की दर से भुगतान सुनिश्चित कर सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि किसान कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह पहल किसानों की आय बढ़ाने, खेती को लाभकारी बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। होली जैसे पावन पर्व से पूर्व किसानों के खातों में सीधे राशि अंतरण से लाखों परिवारों को आर्थिक संबल मिला है। यह निर्णय केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि अन्नदाताओं के सम्मान और विश्वास का प्रतीक है। राज्य सरकार ने जो वादा किया था, उसे पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ निभाया है। किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य दिलाना भाजपा की नीति और संकल्प दोनों है।

## दीर्घ सेवा उपरांत देशमुख हुए सेवानिवृत्त

**दुर्ग।** जिला पंचायत सभा कक्ष में नरेन्द्र कुमार देशमुख, सहायक ग्रेड-2 की सेवानिवृत्ति उपरांत विदाई समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता सीईओ बजरंग कुमार दुबे ने की। देशमुख जी की प्रथम नियुक्ति 8 दिसंबर 1989 को टायपिस्ट के पद पर हुई थी। बाद में नियमितीकरण उपरांत 04 जून 1999 से सहायक ग्रेड-02 के पद पर कार्यरत रहे। उन्होंने लगभग 37 वर्ष 02 माह 19 दिन की उल्लेखनीय सेवा प्रदान की। इस अवसर पर जिला पंचायत श्रद्धा साहू, नीलम चंद्राकर, आकाश सोनी, कुलदीप देवांगन सहित अन्य मौजूद थे।

## किरण बनीं महिला मोर्चा की जिला मंत्री



**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी जिला महिला मोर्चा ने किरण मिश्रा को जिला मंत्री के नियुक्ति किया है। उनकी नियुक्ति पर समाज के लोग व कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताया है।

# शहर में नहीं दिखेगा गोबर और फूलों का कचरा, संग्रहण वाहन करेगा कलेक्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

शहर में अब सार्वजनिक जगहों पर गोबर, फूल और खटालों के आसपास का प्लास्टिक का कचरा नहीं दिखेगा। इसे संग्राहक वाहन कलेक्ट करेगा और इसे निर्धारित स्थल तक पहुंचाएगा। जहां इसका प्रोसेस कर इसे उपयोग के लायक बनाया जाएगा।

निगम ने यह कार्य स्व सहायता समूह को सौंपा है, जो गोबर से प्लेटनुमा ढांचा तैयार करेगा, जिसका उपयोग मुक्तिधाम में लकड़ी की जगह किया जाएगा। समूह इसे निर्धारित दरों पर उपलब्ध कराएगा। इसके अलावा प्लास्टिक को क्रेश कर सीमेंट फैक्ट्रियों में बेचेगा। वहीं फूलों से खाद और अन्य उत्पाद तैयार करेगा। इन तीनों से वह स्वयं की आय अर्जित करेगा। निगम को कचरा कलेक्शन के इस काम भी किसी भी प्रकार का खर्च करने की आवश्यकता नहीं होगा। इससे शहर से कचरा साफ होगा। साथ ही निगम को आर्थिक बोझ सहन करने की भी आवश्यकता नहीं होगी। इस कॉन्सेप्ट में इस कार्य को शुरू किया गया है। सोमवार को इसकी शुरुआत की गई। महापौर अल्का बाघमार ने संग्रहण वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**दुर्ग निगम की पहल : महापौर अलका ने हरी झंडी दिखाकर वार्डों में किया रवाना**

### फूलों से बनाया जाएगा सुगंधित पाउडर, गोबर से लकड़ीनुमा ढांचा

सहायक स्वास्थ्य अधिकारी शेखर दुबे ने बताया कि यह समूह अपने खर्चे पर सारे काम करेगी। इसके लिए निगम को किसी भी प्रकार का खर्च या जगह उपलब्ध कराने की जरुरत नहीं होगी। यह खटालों से गोबर और वहीं से प्लास्टिकनुमा कचरा कलेक्ट करेगा। इससे लकड़ीनुमा ढांचा तैयार कर इसे बेचेगा। वहीं मंदिरों से फूलों को कलेक्ट कर सुगंधित पाउडर तैयार करेगा। प्लास्टिक के कचरे को सीमेंट फैक्ट्रियों को बेचेगा। इस कॉसेप्ट से शहर का कचरा कम होगा। इसे ध्यान रखते हुए इसकी शुरुआत की गई है। महापौर अल्का बाघमार ने इसका उद्घाटन किया है।



**इधर-उधर कचरा फेंकने की प्रवृत्ति पर लगेगी रोक :** महापौर अलका बाघमार ने कहा कि शहर क्षेत्र के खटालो,डेयरियों से निकलने वाले गोबर अब नालियों में नही बहेगा इसके अलावा मंदिरों में पृथक संग्रहण की व्यवस्था से पूजन सामग्री को इधर-उधर फेंकने की प्रवृति पर रोक लगेगी और इनका सम्मानजनक ढंग से प्रबंधन किया जाएगा। नगर निगम द्वारा विशेष रूप से एक वाहन तैयार किया गया है, जो नियमित रूप से मंदिरों से फूल एवं पूजन सामग्री एकत्रित करेगा। आयोजित कार्यक्रम में एमआईसी मेंबर देवनारायण चंद्राकर सहित अन्य मौजूद थे।

### मंदिरों से होगा पृथक संग्रहण, नदियों तालाबों को मिलेगा संरक्षण

शहर में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए महापौर अलका बाघमार ने इसका उद्घाटन किया। उन्होंने गोबर से नालियों एवं सड़कों, फूल एवं पूजन सामग्री संग्रहण वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शहर के समस्त खटालों, डेयरियों से गोबर और सभी धार्मिक स्थलों और मंदिरों से प्रतिदिन फूलों एवं पूजन सामग्री का पृथक संग्रहण किया जाएगा। अब तक मंदिरों से निकलने वाले फूल और पूजन सामग्री अक्सर नदियों एवं तालाबों में प्रवाहित कर दी जाती थी, जिससे जल स्रोतों में गंदगी फैलती थी और पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता था। इस नई व्यवस्था के लागू होने से शहर के जल स्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने में बड़ी मदद मिलेगी।

### दुर्ग शहर के चौड़ीकरण और फोरलेन निर्माण के लिए निजी जमीनों का होगा अधिग्रहण

# नामांतरण और बटांकन का काम पंचायतों में होगा ऑनलाइन, शासनस्तर पर प्रक्रिया शुरू

**जमीन की दरों को कम किए जाने पर शिक्षामंत्री गजेंद्र ने सीएम का जताया आभार**

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

दुर्ग सहित पूरे प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में आगामी दिनों में लोगों को बटांकन और नामांतरण के लिए तहसील दफ्तर के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। ये काम अब पंचायत में ही होंगे। इसके लिए शासन स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गई है। पूरे प्रदेश के पंचायतों को ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ा जा रहा है। ताकि इंटरनेट कनेक्शन से जोड़ा जा सके। अटल पंचायत डिजिटल सुविधा योजना के अंतर्गत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि बजट इस ऑनलाइन सर्विस के लिए कार्ययोजना तैयार कर प्रावधान किया गया है। प्रक्रिया शुरू भी की जा चुकी है। उन्होंने दुर्ग शहर की सड़कों के चौड़ीकरण और फोरलेन निर्माण को लेकर कहा कि जिन सड़कों के लिए निजी जमीन के अधिग्रहण की आवश्यकता होगी, उनका मुआवजा दिया जाएगा। वहीं जिन पर कब्जा होगा, उन्हें हटाया जाएगा। जमीन की दरों में शासन स्तर पर की गई कटौती को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया। साथ ही कहा कि इससे जमीन कारोबार से जुड़े लोगों को राहत मिलेगी। आम आदमी को जमीन खरीदी-बिक्री में परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी। चर्चा के दौरान दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, पूर्व सभापति दिनेश देवांगन, राजा महोबिया सहित अन्य मौजूद थे।



### जमीन की दरों में कटौती के निर्णय पर मुख्यमंत्री का आभार

उन्होंने जमीन की दरों में कटौती के निर्णय को लेकर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जमीनों के शासकीय मूल्यों में जनहितैषी संशोधन का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। सरकार द्वारा किये गये संशोधन में दुर्ग में जमीन की दर 25 से 40 प्रतिशत कम किया गया है। जमीन का सर्वाधिक सकारात्मक संशोधन करते हुए शासन ने विकास की नई दिशा प्रदान की है। इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के राजनांदगांव प्रयास के दौरान दुर्ग में बाईपास टोलप्लाजा के पास उनका स्वागत अभिनंदन किया गया।

### सिंधी कॉलोनी से मालवीय नगर सड़क का मामला कैबिनेट में

गजेंद्र यादव ने कहा कि लंबे समय से सिंधी कॉलोनी से मालवीय नगर सड़क बंद है। यह सड़क पूर्व में सामान्य रास्ता था। बाद में पता चला कि किसी की निजी जमीन पर इस रास्ते का निर्माण किया गया था। कोर्ट से केस जीतने के बाद इस रास्ते को बंद कर दिया गया है। इसे खोलने के लिए शासन स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्हें इसे लेकर मुआवजा प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा है। मुआवजा प्रकरण 1 करोड़ से अधिक का होने की वजह से इसमें निर्णय केबिनेट स्तर पर लिया जाना है। आगामी दिनों में केबिनेट में इस प्रस्ताव को रखा जाना है। प्रयास किया जा रहा है कि जल्द से जल्द यह मार्ग खुल सके। सभी पक्षों पर चर्चा के बाद इस पर निर्णय लिया जाना है। लंबे समय से लोगों की मांग है कि इस रास्ते को खुलवाया जाए।



### दुर्ग में सर्वाधिक 25 से 40 प्रतिशत तक कमी

जमीन व्यापारियों ने बताया की शासन द्वारा किए गए संशोधन के अंतर्गत दुर्ग जिले में जमीन के शासकीय मूल्यों में 25 से 40 प्रतिशत तक की कमी की गई है, जो प्रदेश में सर्वाधिक है। उन्होंने इस सराहनीय पहल के लिए केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव के प्रति विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सतत प्रयासों, निरंतर संवाद एवं जनभावनाओं को शासन तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के परिणामस्वरूप यह सकारात्मक निर्णय संभव हो सका है। शासन के इस निर्णय से आम नागरिकों को आर्थिक राहत मिलने के साथ-साथ रियल एस्टेट क्षेत्र और निर्माण कार्यों को नई गति मिलेगी।

### नेहरूगर से उरला तक फोरलेन के किनारे बनेगा सर्विस रोड

गजेंद्र यादव ने कहा कि एनएचआई के अधिकारियों ने एक दिन पहले ही नेहरूनगर से उरला तक सर्विस लेन के लिए सर्वे किया। कलेक्टर अभिजीत सिंह भी इस दौरान मौजूद थे। इस मार्ग के डेवलप होने से लोगों को आवागमन के लिए एक और मार्ग मिल सकेगा। अधिकारियों ने उन्हें जानकारी दी है कि नेहरूनगर ब्रिज का विस्तार होगा। एक रास्त अग्रसेन चौक की तरफ खुलेगा। गुरुद्वारा चौक पर नया सिग्नल चौक बनेगा। एक नई स्लिप वे भी बनाई जाएगी। ताकि लोकल ट्रैफिक डायवर्ट हो सके। इसके अलावा ढिल्लन होटल के पास लैफ्ट टर्न को फ्री किया जाएगा। इसके अलावा मौके पर डबल डेकर ओवर ब्रिज को लेकर कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इसके बनने से ट्रैफिक जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी।

## दुर्ग पुलिस लाइन में पुल-पुलिया एवं सड़क निर्माण का मंत्री गजेन्द्र यादव ने किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 48 स्थित पुलिस लाइन में पुल-पुलिया एवं सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव, पुलिस परिवारजनों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। लगभग 31 लाख की लागत से होने वाले इस विकास कार्य से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा होगी तथा बरसात के सीजन में होने वाली जलभराव की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी।

■ 31 लाख की लागत से होगा विकास कार्य

मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि पुलिस लाइन में निवासरत परिवार लंबे समय से सड़क व पुल-पुलिया निर्माण की आवश्यकता महसूस कर रहे थे। इस महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ण होने के बाद न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि क्षेत्र की आधारभूत संरचना भी सुदृढ़ होगी। यह कार्य क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

उन्होंने कहा कि दुर्ग शहर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार हमारी प्राथमिकता है। सड़क, नाली, पुल-पुलिया, पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था जैसे आवश्यक कार्यों को चरणबद्ध तरीके से पूर्ण किया जा रहा है, ताकि नागरिकों को बेहतर जीवन सुविधा उपलब्ध हो सके। प्रदेश की भाजपा सरकार समाज के सभी वर्गों के संवार्गीण विकास करने निरंतर कार्यरत है। कुछ दिन पूर्व राज्य सरकार के बजट में भी दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में विकास की गति और आगे बढ़ाने कई सौगात दिए है। दुर्ग में ओवरब्रिज, चौड़ी सड़क, शैक्षणिक संस्थान जैसे बड़े कार्यों की स्वीकृति मिली है। इस दौरान उपस्थित नागरिकों को शासन की योजनाओं की जानकारी देते हुए योजनाओं से लाभान्वित होने अपील किये। मंत्री गजेन्द्र यादव ने क्षेत्र की जनता को विश्वास दिलाया की वार्ड में और भी विकास कार्य किये जायेंगे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, सभापति श्याम शर्मा, जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, मंडल अध्यक्ष बंटी चौहान, कमलेश फेकर, पार्षद लोकेश्वरी ठाकुर, शशि साहू, सरिता चंद्राकर, मनोज सोनी, देवनारायण तांडी, मनीष कोठारी, गुलशन साहू सहित बड़ी संख्या में पुलिस परिवारजन एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

## कांग्रेस की नई कार्यकारिणी ने पूर्व सीएम और गृहमंत्री से की मुलाकात



**भिलाई।** भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के नेतृत्व में कमेटी की नई कार्यकारिणी ने सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू से उनके निवास पर मुलाकात कर उनसे आशीर्वाद लिया। सर्वप्रथम कार्यकारिणी पूर्व मुख्यमंत्री बघेल के भिलाई-3 स्थित निवास पर पहुंची। अध्यक्ष चंद्राकर ने पुष्पगुच्छ से बघेल का स्वागत किया और कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों का परिचय कराया। भूपेश बघेल ने विश्वास जताया कि नई टीम पूरे जोश, होश और हिम्मत के साथ एक परिवार की तरह मिलजुल कर कार्य करेगी। इसके बाद कार्यकारिणी पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू के मीनाक्षी नगर बोरसी स्थित निवास पहुंची। ताम्रध्वज साहू ने नई टीम को अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि साथी संकल्प लें कि हमें पार्टी को जमीनी मजबूत करना है। जनहित से जुड़ी कोई भी समस्या दिखे तो पार्टी के पदाधिकारी उसे मुखर रूप से उठाएं। लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए हम कार्य करेंगे तो पार्टी के प्रति लोगों का विश्वास और बढ़ेगा।

## शमशेर को महामंत्री पद की सौंपी जिम्मेदारी



**भिलाई।** जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई ने वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता शमशेर सिद्दीकी को महामंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी है। यह नियुक्ति प्रदेश नेतृत्व की सहमति एवं जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर की अनुशंसा पर की गई है। इस नियुक्ति पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। शमशेर सिद्दीकी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करेंगे।

## महिलाओं ने नशामुक्त रोजगार, आदर्श विवाह को लेकर अंतिम व्यक्ति को किया जागरूक



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज दुर्ग जिला संगठन की युवा एवं महिला प्रकोष्ठ द्वारा संचालित सामाजिक संदेश जन जागरूकता अभियान की प्रथम बैठक पंचशील नगर दुर्ग में हुई।

कार्यक्रम में प्रदेश संगठन सचिव ईश्वर निषाद प्रदेश अंकेक्षक मल्लेश निषाद शामिल हुए। इस मौके पर पंचगैहा कार्यकारिणी पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण किया गया। तत्पश्चात युवा एवं महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने अपनी बात रखें। जिला एवं प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा बिरेंद्र कुमार निषाद सामाजिक शिक्षा, धर्मांतरण, सामाजिक नियमावली एवं राजनीति भागीदारी आरक्षण जैसे मुद्दों पर जागरूक किया। नशा मुक्त रोजगार एवं आत्मनिर्भर सामाजिक कार्यक्रमों में आदर्श विवाह एवं पर्यावरण सुरक्षा को लेकर अंतिम व्यक्ति को जागरूक किया गया।




**स्वच्छाग्राही महिलाओं को दिया गया प्रशिक्षण**

# गांवों में कचरे से महिलाएं अर्जित करेंगी आय

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत जनपद पंचायत दुर्ग, धमधा एवं पाटन में स्वच्छाग्राही दीदीयों का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। विषय विशेषज्ञ देवी दास निमजे समर्थन संस्था द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसमें लगभग 300 स्वच्छाग्राही उपस्थित हुए। स्वच्छाग्राहियों को प्रशिक्षण में घरों से निकलने वाले गीला एवं सूखा कचरा के प्रबंधन एवं समूह का आय अर्जित कर गांव में स्वच्छता बनाये रखने एवं सुरक्षा का ध्यान रखते हुए असंगठित कार्ड, प्रतिमाह स्वस्थ्य जांच परिक्षण करने एवं प्राप्त कचरे को पृथक-पृथक कर प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट में भेजने एवं गांव में प्रतिदिन घर-घर कचरा कलेक्शन को बिजनेस मॉडल तैयार कर बाजार मुल्य पर कबाड़ी को विक्रय करने हेतु जोर दिया गया। घरों से निकलने वाले सूखे एवं गीले कचरे का घर में ही पृथक्कीकरण करने एवं प्लास्टिक पॉलिथिन को जलाने पर प्रतिबंध का अनिवार्य रूप से पालन किये जाने की समझाइश दी गई।

■ गीला-सूखा कचरा का प्रबंधन सीखा



### सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की गाइडलाइन से कराया अवगत

इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की गाइडलाइन से अवगत कराया गया। इस अवसर सीईओ रूपेश पाण्डेय, किरण कुमार कौशिक, जागेन्द्र कुमार साहू मौजूद थे। पाटन जनपद की अध्यक्ष कीर्ति नायक, जिला पंचायत सदस्य प्रिया साहू ने सभी ग्रामों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के उचित निपटान को सुचारू रूप से चलाने के लिए प्रेरित किया गया।

### सिंगल यूज प्लास्टिक पर लग सकती है रोक

सभापति जिला पंचायत श्रद्धा साहू ने प्रत्येक ग्राम में बर्तन बैंक के संचालन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इससे सिंगल यूज प्लास्टिक एवं डिस्पोजन के उपयोग को कम किया जा सके। जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने सभी गांवों को ओडीएफ प्लस की स्थिति को बनाये रखने हेतु संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयास से ही यह अभियान सफल हो सकता है। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्र के हर व्यक्ति को जागरूक किए जाने की जरुरत है।

## खबर संक्षेप

### होली पर्व की दी बधाई



**अंडा।** छत्तीसगढ़ पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने रंगों के महापर्व होली की प्रदेशवासियों को बधाई दी हैं। अपने बधाई संदेश में साहू ने कहा कि होली भारतीय परम्परा का प्रमुख पर्व है। गुलाल के ढेरों रंग, कई प्रकार के खान-पान और उल्लास, इस जीवंत और रंगीन पर्व के प्रतीक हैं।

### शांति के साथ मनाएं होली



**अंजोरा।** रंगों की पावन पर्व पर क्षेत्र की जनता सदस्य संगीता साहू ने अपने क्षेत्रवासी को होली की बधाई संदेश देते हुए लोगों से अपील किया कि शांति व भाईचारा के साथ होली का पर्व मनाए। होली हमें यह भी संदेश देती है कि जैसे अग्नि में होलिका दहन के माध्यम से नकारात्मकता का अंत होता है।

### निधन

#### देवनाथ पटेल



**भिलाई।** भिलाई-3 शांति नगर निवासी सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मी देवनाथ पटेल 72वर्ष का निधन सोमवार को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा मंगलवार को वार्ड-8, बंधवा तालाब रोड, शांति नगर से नूतन चौक मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी। वे धनीराम पटेल और हेमंत पटेल के पिता थे।

## जिपं दुर्ग में वॉटर सिक्योरिटी एंड कंजर्वेशन विषय पर कार्यशाला आयोजित

# तेजी से गिर रहा भूजल स्तर, पानी के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के 450 स्कूलों में बनेंगे स्टोरेज सेंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला पंचायत सभा कक्ष में सीईओ बजरंग कुमार दुबे की अध्यक्षता में वॉटर सिक्योरिटी एंड कंजर्वेशन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का संयुक्त रूप से आयोजन वॉटरएड इंडिया एवं महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के सहयोग से किया गया।

कार्यशाला में वॉटरएड इंडिया से डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर श्री सौरभ कुमार एवं मनरेगा के एपीओ श्री अरदीप द्वारा संचालन किया गया। उन्होंने जिले में भूजल स्तर बढ़ाने, वर्षा जल संचयन को प्रोत्साहित करने तथा जल संरक्षण के प्रभावी तकनीकी उपायों पर विस्तृत जानकारी साझा की। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत एवं शहरी स्तर पर जल संरक्षण को सुदृढ़ करना, भूजल स्तर में वृद्धि हेतु विभागीय समन्वय स्थापित करना तथा सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग, वन विभाग, शिक्षा विभाग, जल संसाधन (तांदुला) विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में ग्राम पंचायत स्तर पर सोक पिट निर्माण, वर्षा जल संचयन संरचनाओं के विकास तथा भूजल पुनर्भरण कार्यों की आवश्यकता एवं तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि जिले के लगभग 450 विद्यालयों में सोक पिट निर्माण सुनिश्चित किया जाए। इसी प्रकार लोक निर्माण विभाग को अपने निर्माण कार्यों में सोक पिट को अनिवार्य रूप से शामिल करने के निर्देश दिए गए।

### जल संरक्षण के प्रभावी तकनीकी उपायों पर विस्तृत जानकारी साझा की



### शहरी क्षेत्र में 100 से ज्यादा नहीं सोकपीट किए जाएंगे तैयार

नगर निगम भिलाई, नगर निगम दुर्ग, नगर निगम चरोदा एवं नगर निगम रिसाली को भवनों एवं आवासीय परिसरों में 100 नग सोक पिट एवं रिचार्ज पिट निर्माण को प्राथमिकता देने हेतु कहा गया, ताकि वर्षा जल का अधिकतम संचयन एवं भूजल पुनर्भरण सुनिश्चित किया जा सके। कार्यशाला के दौरान यह रेखांकित किया गया कि वर्षा जल ही जल का प्रमुख स्रोत है, अतः इसके संरक्षण एवं संचयन के लिए वैज्ञानिक एवं सरल तकनीकी प्रणालियों को अपनाना आवश्यक है। वन विभाग द्वारा 1538 केटूल ट्रेंच बनाए जाने की जानकारी दी गई, जिसे श्रेष्ठ पोर्टल में एंट्री करने हेतु निर्देशित किया गया। लोक निर्माण विभाग को समस्त निर्मित संरचनाओं में सोक पिट निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### वॉटर स्टोर करने से ही भूजल को सहेजा जा सकता है

प्रतिभागियों को वर्षा जल संचयन, रन-ऑफ जल को भू-स्तर पर संग्रहित करने की तकनीक तथा भूजल भंडारण क्षमता बढ़ाने के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि ग्राम स्तर से लेकर शहरी स्तर तक जनसहभागिता बढ़ाने हेतु समुदाय एवं गैर-सरकारी संगठनों के साथ समन्वय स्थापित किया जाएगा, जिससे जल संरक्षण को जनआंदोलन का रूप दिया जा सके। कार्यशाला के अंत में सभी विभागों को निर्देशित किया गया कि वे तकनीकी मानकों के अनुरूप वर्षा जल संचयन एवं भूजल पुनर्भरण संरचनाओं का निर्माण कर जिले में जल सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस एवं समन्वित प्रयास करें।

## सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर में खेली फूलों की होली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा के मुख्य आतिथ्य में सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में फूलों की होली मनाई गई। समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, व्यवस्थापक आसकरण जैन, सदस्य डॉ. गुलाब साहू, नीरज सिन्हा, लोकेश सिन्हा, हेमंत कुमार, सेजस बेलहरी पूर्व प्राचार्य वाई के साहू, भाजपा नेत्री भानुप्रिया साहू, अंगेश्वर साहू, मेघनाथ सागरवंशी, प्राचार्य पीएल बारले, उप प्राचार्य लिकेश्वर साहू, प्रधानाचार्य कौशल जांगड़े, कैलाश कुमार, संतोष साहू, मंचासिन रहे। विद्यालय के आचार्य दीदियों ने भी खेली फूलों की होली।

■ कार्यक्रम में पहुंचे योग आयोग अध्यक्ष सिन्हा किया टी शर्ट वितरण

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने कहा कि होली भाई चारा का संदेश देने सदियों से विरासत दर विरासत चलते आ रही है। ऐसा कोई भी कृत्य ना करे जिससे आपके द्वारा किसी को नुकसान पहुंचे। घातक रंग गुलाल से बचे, फूलों की होली खेल बड़ा मन भावन है। रविवार को रायपुर के सया जी होटल में हुआ उसका लघु स्वरूप सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर में अल्प सूचना में झलकने लगी है। इस अवसर पर योग आयोग की ओर से उपस्थित सभी लोगों को टी शर्ट वितरण किया गया। संचालन डॉ. गुलाब साहू एवं आभार वाई के साहू ने किया।

## होली में हुड़दंगियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**कुम्हारी।** थाना कुम्हारी परिसर में होली को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए सी एस पी छावनी प्रशांत सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। पुलिस प्रशासन ने यह स्पष्ट किया कि त्यौहार के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। थाना प्रभारी पुरषोत्तम कुर्रे ने बताया कि शहर के चिह्नित संवेदनशील इलाकों में पुलिस की फिक्स ड्यूटी लगाई जाएगी।

## भखारा राल में महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव मनाने से कम खर्च में आएगा ज्यादा आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर



परिक्षेत्रीय महावीर जन्मकल्याक महोत्सव समिति की वार्षिक बैठक रानीतराई में संपन्न हुई। जिसमें जामगांव आर, रानीतराई, ओदरागहन, सुरपा, बेलहारी, बटरेल के जैन श्री संघ सदस्य उपस्थित रहे। सदस्यों ने अपने लाडले सदस्य आशीष राय सोनी का जन्म दिवस भी बैठक में मनाया। विदित हो कि इस समिति के सभी सदस्य भखारा राल जैन समाज के पश्चिमी क्षेत्र के गांव में निवासरत सदस्य है। सदस्यों ने विचार मंथन पश्चात समवेत स्वर कहा कि यदि भगवान महावीर का जन्मकल्याणक महोत्सव भखारा राल के बैनर तले आयोजित करने लगे तो भव्यता में चार चांद लग जाएगी और वरिष्ठ जनों का सपना पनपता भाईचारा भी सर्व दर्शी सामने आने लगेगा। भखारा राल जैन समाज पदाधिकारी यादमल गोलछा ने कहा कि मार्च में होने वाली बैठक में महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव भखारा राल जैन समाज द्वारा मनाए जाने का प्रस्ताव सदस्य गण रख सकते है प्रस्ताव स्वीकृत होने पर निश्चित तौर पर आयोजन किया जा सकेगा। युवा सदस्य निर्मल राय सोनी ने कहा कि भखारा राल समाज की वार्षिक बैठक प्रतिवर्ष होती है यदि वार्षिक बैठक की तिथि महावीर जन्मोत्सव के दिवस पर रखा जाए तो एक अच्छी पहल हो सकती है और इस दिन राल परिवार के सभी सदस्य एक साथ भगवान की सामूहिक जयकारा लगा कर आने वाली पीढ़ी को संस्कार का तोहफा विरासत में दे सकते है।

सदस्य प्रेमचंद चौरड़िया ने कहा कि वार्षिक बैठक महावीर जन्मोत्सव दिवस पर मनाने से खर्च कम और पूरा परिवार को शामिल होकर आनंद आएगा।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जामुल नगर की कार्यकारिणी घोषित

**जामुल।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जामुल नगर कार्यकारिणी का किया विस्तारीकरण प्रदेश कमेटी छत्तीसगढ़ की अनुशंसा एवं जिला अध्यक्ष दुर्ग ग्रामीण राकेश ठाकुर के अनुमोदन से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जामुल नगर कार्यकारिणी का विस्तारीकरण किया गया। जिसमें प्रयास किया गया है कि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जामुल में सभी वर्ग के लोगों की नियुक्ति हो जिससे कांग्रेस जामुल क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत बना सके व आने वाली नगरी निकाय चुनाव में कांग्रेस का कब्जा हो सके। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कमलेश साहू के द्वारा घोषणा किया गया। जिसमें कोषाध्यक्ष ओमकार निर्मलकर, उपाध्यक्ष डॉ. अशोक वर्मा, उपाध्यक्ष द्रौपती साहू, उपाध्यक्ष तिलेश्वर देवांगन, उपाध्यक्ष मुरली साहू, उपाध्यक्ष सुनील राय, उपाध्यक्ष टोनू देवांगन व महामंत्री दिनेश नायक, महामंत्री इस्माइल आजाद, महामंत्री किसुन साहू] महामंत्री राजकुमारी साहू, महामंत्री सीता ठाकुर, महामंत्री गौतम ठाकुर, महामंत्री, चंद्रशेखर शर्मा, महामंत्री विकास यादव, सचिव कृष्ण कुमार निषाद, सचिव राघवेन्द्र वर्मा, सचिव प्रमिला साहू, सचिव अशोक साहू, सचिव दीप्ती देवांगन, सचिव गितेश्वरी चतुर्वेदी, सचिव दीपक साहू, कार्यकारिणी सदस्य वेंकट बैरागी, कार्यकारिणी सदस्य डॉ. खेमलाल सिन्हा, कार्यकारिणी सदस्य होमलाल वर्मा, सदस्य नीलम शिवारे कार्यकारिणी सदस्य, माखन वर्मा कार्यकारिणी सदस्य लक्ष्मण साहू आदि को नियुक्त किया गया है।

## वैष्णव समाज ने मनाया होली मिलन समारोह और समाज के कार्यक्रम की रूपरेखा बनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

ग्राम फेकारी निवासी वैष्णव समाज के मंडलेश्वर उत्तर पाटन मण्डल के मंडलेश्वर पंडित चेला दास वैष्णव ने बताया कि वैष्णव मण्डल, उत्तर पाटन का त्रैमासिक बैठक ग्राम सांकरा में होली मिलन समारोह के साथ हुआ। जिसमे समाज से संबंधित प्रमुख निर्णय लिया गया जो इस प्रकार है। आगामी वर्ष 2027 में 27 जनवरी से लेकर 31 जनवरी तक पांच दिवसीय जगतगुरु रामानंद चार्य जयंती एवं श्री बिष्णु महायज्ञ का कार्यक्रम किया जायेगा। इस कार्यक्रम में जगद्गुरु रामानंदाचार्य, काशी, अयोध्या, अहमदाबाद, हरिद्वार से आमंत्रित किया जाएगा। यज्ञाचार्य भी वैष्णव होंगे। समस्त भागवताचार्य को आमंत्रित कर मंचासीन कर विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।



■ वैष्णव मण्डल, उत्तर पाटन का त्रैमासिक बैठक आयोजित

इस कार्यक्रम में एक स्मारिका का प्रकाशन भी किया जाएगा, इसके लिए लेख, कविताएं, कहानियां, हास्य-व्यंग्य एवं सामाजिक गतिविधियों कि जानकारी के साथ ही साथ पारिवारिक जीवन परिचय, व्यक्तिगत परिचय का सचित्र प्रकाशन भी किया जाना है। रामानंदाचार्य जयंती समारोह आगामी वर्ष 2027 में 27 जनवरी से 31 जनवरी को ग्राम लोहरसी में होना है।

बैठक होली मिलन समारोह में मंडलेश्वर पंडित चेला दास वैष्णव फेकारी, सचिव कोमल दास वैष्णव अरसनारा, कोषाध्यक्ष भीखम दास वैष्णव झीट, युवा सलाहकार मनोहर दास वैष्णव पंदर, मंडल प्रवक्ता दीलिप बैरागी बटंग, नेपाल दास वैष्णव लोहरसी, भगवान दास वैष्णव, बिष्णु दास वैष्णव, भिखारी दास वैष्णव झीट, डॉ. हिमांचल दास वैष्णव चीचा, शिव दास वैष्णव, किशन दास वैष्णव, तेज राम वैष्णव सांकरा, पुरूषोत्तम दास वैष्णव गभरा, नरेन्द्र दास वैष्णव गभरा के साथ ही बड़ी संख्या में वैष्णव जन उपस्थित थे।

## न्योता भोज में परोसी खीर-पूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम अंडा वार्ड 1 में सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश्वर प्रसाद चंद्राकर ने अपने जन्मदिन के पर न्योता भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर गांव के बुजुर्ग, युवा, महिलाएं और बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों के लिए खीर-पूरी का विशेष प्रसाद तैयार कराया गया। ग्रामीणों ने प्रेमपूर्वक भोजन ग्रहण किया और दिनेश्वर प्रसाद चंद्राकर को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उपस्थित लोगों ने उनके स्वस्थ, सुखद और सफल जीवन की कामना की। इस मौके पर दिनेश्वर प्रसाद चंद्राकर ने सभी ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गांव के लोगों का स्नेह और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने भविष्य में भी सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहने का संकल्प लिया। ग्रामीणों ने कहा कि इस तरह के आयोजन से आपसी भाईचारा और सामाजिक एकता मजबूत होती है। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## विधानसभा भ्रमण किया ग्राम पंचायत अंडा के जनप्रतिनिधियों ने, देखी कार्यप्रणाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत अंडा के सरपंच, उपसरपंच एवं पंचगण शैक्षणिक एवं प्रशासनिक जानकारी प्राप्त करने के उद्देश्य से विधानसभा भ्रमण पर गए। इस दौरान प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा, दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विधायक ललित चन्द्राकर के सौजन्य से जनप्रतिनिधियों ने विधानसभा की कार्यप्रणाली, प्रश्नकाल, विधेयक पारित होने की प्रक्रिया तथा सदन की व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली। भ्रमण में सरपंच दिग्विजय सिंह, उपसरपंच यशवंत बंजारे, सांसद प्रतिनिधि मनोज चंद्राकर, पंचगण फत्ते चंद्राकर, गोपाल साहू, हेमेंद्र चौहान, डॉ. चेलक दास, हेमंत, चुमन, गोलू चंद्राकर, उत्तम देशमुख, सूरज निर्मलकर, सती गोस्वामी, अनुराधा साहू, लता चंद्राकर, ममता चंद्राकर, सीता साहू, राकेश्वरी चंद्राकर एवं मधुरी साहू शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने सदन की कार्यवाही को प्रत्यक्ष देखा और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को नजदीक से समझा। अधिकारियों द्वारा उन्हें विधानसभा भवन के इतिहास, संरचना एवं विभिन्न विभागों की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि इस प्रकार का भ्रमण पंचायत स्तर पर योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने में सहायक होगा। सरपंच दिग्विजय सिंह ने बताया कि शासन की कार्यप्रणाली को समझकर ग्राम अंडा के विकास कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। ग्रामवासियों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि भ्रमण से प्राप्त अनुभव गांव के समग्र विकास में उपयोगी सिद्ध होंगे।

## कोसा नाला गहरीकरण और सूर्या मॉल चौक से अतिक्रमण हटाने के दिए आदेश



**भिलाई।** भिलाई नगर निगम के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सोमवार को जोन-1 नेहरू नगर क्षेत्र का निरीक्षण किया।

सबसे पहले आयुक्त ने सुपेला थाना के पीछे स्थित कोसा नाले का जायजा लिया। हर साल बारिश में इस इलाके में पानी भरने की शिकायतें आती रही हैं। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि नाले का गहरीकरण और चौड़ीकरण तेजी से पूरा किया जाए। यहां रिटेनिंग वॉल का निर्माण भी जारी है, ताकि मानसून के दौरान आसपास की बस्तियों को राहत मिल सके। नाले के किनारे किए गए अतिक्रमण को चिन्हित कर तत्काल कार्रवाई करने को कहा गया है। निरीक्षण के दौरान एसएलआरएम सेंटर का भी अवलोकन किया गया। नियमित मॉनिटरिंग और जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए गए। संजय नगर वार्ड-6 में पुराने नाले पर बनी रिटेनिंग वॉल का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को गुणवत्ता और समयसीमा का ध्यान रखने को कहा गया। नेहरू नगर के सूर्या मॉल चौक पर व्यापारियों के अतिक्रमण और ट्रांसफॉर्मर की वजह से सड़क संकरी हो गई है। आम लोगों को रोजाना जाम और असुविधा झेलनी पड़ रही है। यहां लेफ्ट टर्न फ्री करने की योजना लंबित है। आयुक्त ने कड़ा रुख अपनाते हुए जोन आयुक्त अजय राजपूत और सहायक राजस्व अधिकारी सुनील जोशी को तत्काल अतिक्रमण हटाने और यातायात सुगम बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान संजय अग्रवाल, पुरुषोत्तम सिन्हा, बसंत साहू, रीमा जामुलकर और कमलेश द्विवेदी मौजूद थे।

### बिजनेस साइट

## क्वालिटी में कोई समझौता नहीं



**भिलाई।** जीके टीएमटी द्वारा भिलाई शहर के स्थानीय होटल में इंजीनियर्स मीट का आयोजन किया गया। इसमें कुल 40 इंजीनियर्स, कंपनी के डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर उपस्थित थे। कंपनी के स्टेट हेड वरुण शर्मा ने तकनीकी जानकारी देते हुए बताया कि किस तरीके से जीके टीएमटी गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए निर्माण करती है। उन्होंने कंपनी के विभिन्न विभागों के अनुमोदन की जानकारी दी और बताया कि कंपनी अपने क्वालिटी में कोई समझौता नहीं करती है। कंपनी के एरिया मैनेजर अनेमस्तु तिवारी ने सभी का स्वागत किया और डीलर्स से इंजीनियर्स का परिचय करवाया। इस दौरान कंपनी के एरिया सेल्स ऑफिसर सत्येंद्र एवं डिस्ट्रीब्यूटर प्रिंस उबवेजा भी मौजूद रहे।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल कोहका, तहसील व जिला - दुर्ग (छ.ग.)**

**सूचना पत्र**

क्रमांक 489 रा.नि. 2026, कोहका, दिनांक 17/02/2026

प्रति,

1. आवेदक श्री दधीचन्द राव पिता महावली राव, निवासी-वार्ड न. 21 सुपेला, भिलाई, 2. प्रमिला खण्डेलवाल, 3. शबाना जमील (प्लाट नः 116, 117)

विषय :- सीमांकन / स्थल जांच के संबंध में सूचना बाबत।

ग्राम कोहका प.ह.नं. 45 रा.नि.मं. कोहका, तहसील व जिला - दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 5174/1 रकबा 0.020 हे. का सीमांकन/स्थल जांच हेतु न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर / अधीक्षक भू-अभिलेख / सिविल न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर / अधीक्षक भू अभिलेख शाखा दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 669, दिनांक 18/10/2024 के परिपालन में दिनांक 06/03/2026 को समय 11 से 5 बजे के बीच में सीमांकन / स्थल जांच किया जाना है। अतः आप सभी हितबद्ध पक्षकार अपने दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित होवे, बाद आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

राजस्व निरीक्षक
कोहका

**।। न्यायालय तहसीलदार बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.)।।**

**।। ईश्तहार ।।**

रा०प्र०क्र0-202602102700019/अ-19 (3)/ वर्ष 2025-26

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कार्यालय अनुविभाग अधिकारी (राजस्व) धमधा, जिला-दुर्ग, (छ.ग.) का ज्ञापन क्रमांक/123/अ.वि.अ./वाचक-1/2026 धमधा, दिनांक 02/02/2026 के अनुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत में बहुउद्देशीय पैक्स/दुग्ध/मत्स्य सहकारी समितियों की स्थापना संबंधी भारत सरकार सहकारिता मंत्रालय द्वारा प्रारंभ किये गये पहल अंतर्गत सहकारिता विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों का पुनर्गठन करने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. दुर्ग द्वारा नवीन समिति जिला दुर्ग के अंतर्गत तहसील बोरी के ग्राम-दनिया, प.ह.नं. 04, रा.नि.मं. बोरीबुजुर्ग, तहसील बोरी, जिला-दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 671, 672 रकबा क्रमशः 0.20, 0.17 हे. कुल खसरा नंबर- 02 कुल रकबा 0.37 हे. भूमि में प्रस्तावित रकबा 0.37 हे. भूमि को सहकारिता विभाग के नाम से आबंटन किये जाने के संबंध में पत्र प्राप्त हुआ है, जोकि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त वादभूमि को सहकारिता विभाग के नाम से आबंटन किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या दावा हो तो वे स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई तिथि 06.03.2026 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

तहसीलदार
बोरी

## बोरवाय में दो दिवसीय फाग प्रतियोगिता शुरू



**जामगांव आर।** बोरवाय में दो दिवसीय फाग प्रतियोगिता का उदघाटन छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा के हाथों हुआ। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ योग आयोग मार्गदर्शक मंडल सदस्य आसकरण जैन ने किया। इस दौरान डॉ. गुलाब साहू, नीरज सिन्हा, अजय वर्मा, दयारम चंद्राकर, महेश चंद्राकर, केश लाल साहू, नेत राम यदु, रूप लाल साहू, भेल चंद्राकर, संतोष साहू, लव साहू, अमरनाथ साहू, सुरेश साहू, दुलार यादव, हर प्रसाद साहू, राजू यदु, भूपेंद्र यादव, तामेश्वर साहू, रूप राम देवांगन, रेवा प्रसाद यदु, ढाल सिंह साहू धमना एवं बोल बम जस एवं फाग मंडली राधा कृष्ण मंदिर बोरवाय सहित समाजसेवी उपस्थित रहे।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# भूमि अधिग्रहण और गाइडलाइन दरों में विसंगतियों को लेकर किसानों ने प्रशासन से की चर्चा

## खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा रेलवे परियोजना के प्रभावित किसानों ने गिनाई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा रेलवे परियोजना के अंतर्गत भूमि अधिग्रहण और गाइडलाइन दरों में विसंगतियों को लेकर प्रभावित किसानों ने अपनी समस्याओं को प्रशासन के समक्ष प्रमुखता से रखा। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर अभिजीत सिंह से मिलकर विस्तृत चर्चा की।

राकेश ठाकुर ने कहा कि प्रभावित ग्रामों में गाइडलाइन दरों में भारी अंतर और 50 प्रतिशत तक कटौती से किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। उन्होंने मांग की कि एक्ट का पूर्ण पालन करते हुए नवंबर 2025 से जनवरी 2026 तक के उच्चतम विक्रय विलेखों के आधार पर मुआवजा निर्धारित किया जाए तथा ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकतम गुणांक 4 लागू किया जाए। साथ ही दो फसली एवं सिंचित भूमि का पृथक मूल्यांकन, मकान, कुआं, बोरवेल, पेड़ सहित सभी परिसंपत्तियों का बाजार दर पर मुआवजा और प्रत्येक प्रभावित परिवार के एक सदस्य को स्थायी रोजगार का लिखित आश्वासन देने की मांग रखी गई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने स्पष्ट कहा कि जब तक गाइडलाइन दरों की विसंगतियां दूर नहीं होतीं और पूर्व में दायर 300 से अधिक पुनर्विचार याचिकाओं पर कारणयुक्त लिखित आदेश जारी नहीं किया जाता, तब तक किसान भूमि का कब्जा नहीं देंगे। प्रतिनिधिमंडल में अजय कुमार सिन्हा, अमर सिंह साहू, देवेंद्र कुमार देवांगन, दीपक देशमुख, प्रेम लाल, धनेश राम साहू, रमेश साहू, सुनील ठाकुर सहित बड़ी संख्या में प्रभावित किसान उपस्थित रहे।



### प्रशासन की बड़ी पहल, उच्च स्तरीय टीम गठित

इस संबंध में जिला कलेक्टर अभिजीत सिंह ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं के निराकरण हेतु एक विशेष उच्च स्तरीय टीम गठित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इस टीम में एसडीएम, तहसीलदार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं रेलवे अधिकारी शामिल रहेंगे। यह टीम सोमवार को प्रभावित किसानों के लिए उपस्थित रहकर प्रत्येक गांव के किसानों की समस्याओं को व्यक्तिगत रूप से सुनेगी और उनके समाधान हेतु गंभीरतापूर्वक एवं अथक प्रयास करेगी। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि किसानों की आपत्तियों और समस्याओं का परीक्षण एवं निराकरण करने के बाद ही भूमि अधिग्रहण संबंधी आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### भिलाई निगम के तीन कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई से सेवानिवृत्त होने वाले 3 कर्मचारियों को ससम्मान बिदाई दी गई। मुख्य कार्यालय सभागार में निगम प्रशासन की ओर से स्मृति चिन्ह, शॉल और श्रीफल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की गई। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में अपर आयुक्त राजेन्द्र कुमार दोहरे और उपायुक्त डीके कोसरिया की उपस्थिति में समयपाल कार्य सहायक ग्रेड-2 सुरेन्द्र कुमार सोनबोईर, वार्ड प्यून बल्लूराम साहू और सफाई कामगार प्रेमिन बाई को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम में शशिभूषण मोहंती, नवीन कुमार साहू, शालिनी गुरव, देवेन्द्र वर्मा, पुरूषोत्तम साहू, रोहित बंजारे, हेमचंद बंजारे सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ड्यूटी टाइम में आधा घंटा बंद रहेगा लोको

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में दुर्घटनाओं पर पूरी तरह से रोक लगाने के मुद्दे को लेकर सीटू और कार्यपालक निदेशक के बीच बैठक हुई। ईडी ने यूनियन को बताया कि संयंत्र के अंदर सड़कों पर ड्यूटी टाइम में भारी वाहनों पर रोक लग गई है लोको मूवमेंट के बारे में भी चर्चा की गई है।

## विभिन्न सेक्टरों के आधा दर्जन बीएसपी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हो चुके बंद

# टाउनशिप में स्वास्थ्य सुविधाओं के सिमटने का खामियाजा भुगत रहे बीएसपी कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी टाउनशिप में सिमटती सामाजिक सुविधाओं के दौर में सिमट रही स्वास्थ्य सुविधाओं के कारण हजारों कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सेक्टर नौ जेएलएन हास्पिटल व सेक्टर एक अस्पताल सहित विभिन्न सेक्टरों मे बने हेल्थ सेंटरों में चौतरफा समस्याओं का खामियाजा कर्मियों को भुगतना पड़ रहा है। यूनियनों से स्वास्थ्य सेवा और संसाधनों को दुरुस्त किए जाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि पिछले एक दशक से सेल की बदली नीति से मेन पावर के संकट और सिर्फ इस्पात उत्पादन पर ही जोर दिए जाने से कर्मियों की चौतरफा दिक्कतें बढ़ती जा रही हैं। इसका सबसे ज्यादा असर शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं पर पड़ रहा है। पंद्रह साल पहले तक मध्यभारत के सबसे बड़े चिकित्सालय सेक्टर नौ हास्पिटल के रेफरल सेंटर और निजीकरण की समस्या बढ़ रही है वहीं मनोरोग व कैंसर अस्पताल के बाद अब सेक्टर एक हास्पिटल में पैरामेडिकल स्टाफ की दिक्कतों से मरीजों को जूझना पड़ रहा है। विभिन्न सेक्टरों में बने बीएसपी हेल्थ सेंटर एक एक कर बंद होते जा रहे हैं या फिर इनमें डाक्टरों व स्टाफ की किल्लत बनी हुई है। तेरह सेक्टरों में बने आधा दर्जन हेल्थ सेंटर बंद किए जा चुके हैं जिसके चलते बीएसपी कर्मियों व परिजनों को दूर सेक्टर नौ हास्पिटल सर्दी जुकाम या मलहम पट्टी के लिए जाने मजबूर होना पड़ रहा है। यूनियनों के आए दिन बीएसपी के आला अधिकारियों से सुविधाओं को अपडेट करने व आश्वासन मिलने के बाद भी स्थिति दिन प्रतिदिन कमतर होती जा रही है।

### सेक्टर एक अस्पताल में भी पैरामेडिकल स्टाफ की समस्या बढ़ी



### नर्सिंग स्टॉफ कम होने से बढ़ रही परेशानी

साठ के दशक में बीएसपी व टाउनशिप के निर्माण के दौरान के समय ही बीएसपी द्वारा सभी चौदह सेक्टरों में हेल्थ सेंटर ( प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ) खोले गए थे। इनका उद्देश्य सर्दी जुकाम आदि छिटपुट बीमारियों के इलाज,चेकअप आदि की सुविधाएं अपने ही सेक्टर में कर्मियों को उपलब्ध कराना था। ताकि साठ हजार कर्मियों व लाखों परिजनों को दूर सेक्टर नौ मेन हास्पिटल न जाना पड़े और इस अस्पताल पर लोड भी न बढ़े। लेकिन पिछले कुछ सालों को दौरान एक एक कर कई हेल्थ सेंटरों को बंद कर दिया गया। खुर्सीपार, सेक्टर 6,सेक्टर 10, सेक्टर 5,सेक्टर 4, सेक्टर 3 और सेक्टर 3 के हेल्थ सेंटर बंद हो चुके हैं। सेक्टर 6 व सेक्टर 4 हेल्थ सेंटर में बीएमएस व इंटक यूनियन कार्यालय अलाटेड है। वहीं सेक्टर 10 व सेक्टर 5 हेल्थ सेंटर में राज्य स्वास्थ्य विभाग व सेक्टर 5 में रिटायरबीएसपी कर्मचारी वेलफेयर कार्यालय संचालित है। हेल्थ सेटरों के बंद होने से रिटायर,बच्चों व महिलाओं को छिटपुट बीमारियों के लिए सेक्टर नौ हास्पिटल जाना पड़ रहा है। इससे उन्हें परेशानी हो रही है और सेक्टर नौ हास्पिटल में मरीजों का लोड भी बढ़ रहा है।

### से. 1 अस्पताल में बढ़ी पैरामेडिकल समस्या

टाउनशिप के सबसे पुराने अस्पताल सेक्टर एक हास्पिटल में पैरामेडिकल स्टाफ की समस्या से मरीजों के परेशानी हो रही है। यहां नर्सों, फार्मासिस्ट की किल्लत के चलते मरीज ही नहीं कार्यरत डाक्टरों को भी असुविधा हो रही है। चार माह दो नर्सें और एक फार्मासिस्ट रिटायर हो चुके हैं। एक अन्य नर्सिंग स्टाफ रिटायर होने वाला है। नए फार्मस्टि या दो नर्सों के अवकाश पर होने की स्थिति में चेकअप कराने आने वाले मरीजों को परेशानी होती है। वहीं डाक्टरों के सहयोग के लिए भी नर्सिंग स्टाफ की समस्या होती है। मरीजों ने बताया कि पैरामेडिकल स्टाफ की भर्ती पिछले कई साल से बंद होने व हर माह रिटायर होने से मेन पावर की समस्या बढ़ रही है। गौरतलब हो कि सेक्टर एक अस्पताल में पंद्रह साल पूर्व कैंसर अस्पताल व इसके पूर्व लंबे समय तक मनोरोग अस्पताल के रुप में संचालन किया जा रहा था। लेकिन सभी सुविधाएं सिमट चुकी हैं।

# उत्पादकता और प्रगति के नवाचारी प्रयास एपेक्स अवार्ड से सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा महात्मा गांधी कलामंदिर सभागार में भिलाई स्टील सुझाव योजना के अंतर्गत एपेक्स पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र के मुख्य आतिथ्य थे। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक प्रवीन निगम, पवन कुमार,राकेश कुमार सहित पुरस्कार विजेता उपस्थित थे। पुरस्कार वितरण के अंतर्गत 3 टीमों को श्रेणी-1, 5 टीमों को श्रेणी-2 तथा 8 टीमों को श्रेणी-3 पुरस्कार प्रदान किए गए। श्रेणी-1 के तहत सर्वश्रेष्ठ सुझाव के लिए डॉ. बीआर आंबेडकर पुरस्कार' एसएमएस-3 एवं आईडब्ल्यू विभागों की एक क्रॉस-फंक्शनल टीम को प्रोजेक्ट एसएमएस-3 में यूआरएम में ब्लूम्स की प्रिसीजन कास्टिंग के लिए आंतरिक संसाधनों के माध्यम से विकसित ब्लूम वज़न (वेइंग) प्रणाली का क्रियान्वयन तथा उत्पादन प्रक्रिया का अनुकूलन के लिए दिया गया।

### सुधार के अवसरों को पहचानें

मुख्य अतिथि श्री महापात्रा ने प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार का टोकन प्रदान कर सम्मानित किया, जो विजेताओं के अगले वेतन के माध्यम से क्रेडिट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एपेक्स पुरस्कार कर्मचारियों को पारंपरिक सीमाओं से आगे बढ़कर सोचने, सुधार के अवसरों की पहचान करने तथा प्रभावशाली समाधान लागू करने के लिए मंच है। स्वागत भाषण जीएम चंद्रानन जैन ने दिया। कार्यक्रम का संचालन सहायक महाप्रबंधक शिवांगी तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

### प्रधानमंत्री आवास के लिए लॉटरी 6 को

**भिलाई।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एएचपी किफायती आवास मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक से निर्मित आवासों का आबंटन किया जाना है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार निगम सभागार कक्ष में 6 मार्च को दोपहर 12.30 बजे लॉटरी आयोजित की जाएगी।जानकारी के अनुसार सक्षम स्वीकृति प्राप्त कर कुल अंशदान राशि 10 प्रतिशत तथा बेदखली व्यवस्थापन के लिए हितग्राही से 75000 रुपए निगम कोष में जमा कराया जा रहा है। उक्त तिथि को नियमानुसार लएॅटरी पद्धति का आयोजन कर हितग्राहियों को आवास आबंटन का लाभ दिया जाएगा। लॉटरी में वरिष्ठ नागरिकगण, दिव्यांगजन और अन्य आवेदकों को सम्मिलित किया गया है।

# कृष्णा वाटिका रिसॉर्ट में जुआ खेलते 16 जुआरी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अमलेश्वर थाना क्षेत्र में स्थित कृष्णा वाटिका रिसार्ट में दबिश देकर 16 जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। अमलेश्वर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कृष्णा वाटिका रिसॉर्ट में दबिश देने टीम पहुंची। जहां से जुआ खेल रहे रावतपुरा कॉलोनी रायपुर निवासी रोहित निर्मलकर, पाठागांव, रायपुर नरेशन सोनकर, सत्यम विहार, रायपुर प्रमोद वर्मा, गुरुवार बाजार चौक मुकेश कुमार धीमर, ग्राम खुडमुड़ा संजू सोनकर मगरघटा नारायण टंडन, बस्तीपारा कुथरेल डिजेन्द्र निर्मलकर, पुनीत राम साहू , विनोद अमरदास, सत्यम विहार रायपुर शुभम चंद्राकर, पाठागांव रायपुर गोपाल सोनकर उर्फ गोपी , अमलेश्वर मनीष साहू, उर्फ गुड्डु, सोनू साहू उर्फ दुर्गेश, ग्राम खुडमुड़ा सत्यनारायण साहू, सत्यम विहार रायपुर संजय साहू, अमलेश्वर महेंद्र साहू को पकड़ा गया। जुआरियों से पुलिस ने नगदी 3.59 लाख 470 रुपए, ताश पत्ती जब्त किया। मौके से 22 मोबाइल फोन, 3 बाइक, 3 चार पहिया वाहन भी बरामद किए गए है। जिसकी कीमत 25 लाख रुपये से अधिक आंकी गई है।

# बीएमडीसी में एंटरप्राइज रिस्क मैनेजमेंट सुदृढ़ीकरण कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- नैतिक सतर्कता और पारदर्शिता जरुरी : सिंघल

भिलाई इस्पात संयंत्र के एचआर–एल एंड डी विभाग द्वारा भिलाई मैनेजमेंट डेवलपमेंट सेंटर (बीएमडीसी) में एंटरप्राइज रिस्क मैनेजमेंट सुदृढ़ीकरण विषय पर प्रबंधन विकास कार्यक्रम का आयोजन भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), रायपुर के फैकल्टी सहयोग से सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने कहा कि सतत विकास, नियमकीय अनुपालन तथा रणनीतिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए संरचित, सक्रिय एवं दूरदर्शी जोखिम प्रबंधन प्रणाली अत्यंत आवश्यक है। महाप्रबंधक (ईआरएम एवं एसडीजी) एवं मुख्य जोखिम अधिकारी, सेल कॉर्पोरेट कार्यालय, डॉ. गीता शर्मा ने कार्यक्रम की रुपरेखा बताई। तकनीकी सत्र आईआईएम रायपुर के प्राध्यापकों द्वारा संचालित किए गए। प्रो. राजीव ए एवं प्रो. प्रणीत कुमार रॉय ने जोखिम पहचान ढांचे, सेबी एलओडीआर विनियमों एवं कंपनी अधिनियम के प्रावधानों, मात्रात्मक जोखिम मूल्यांकन पद्धतियों तथा वित्तीय एवं परियोजना जोखिम प्रबंधन पर चर्चा की।



### व्यवसाय निरंतरता पर जोर

दूसरे दिन के सत्रों में जटिल जोखिमों पर विशेष फोकस किया गया। प्रो. जितिन पी ने भू-आर्थिक एवं भू-राजनीतिक जोखिमों के वैश्विक प्रभावों पर विचार साझा किए। प्रो. जितेश ए ने साइबर सुरक्षा व व्यवसाय निरंतरता योजना पर व्यावहारिक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। प्रो. संदीप एस ने सुशासन व दीर्घकालिक कॉर्पोरेट लक्ष्यों के साथ समन्वित पर बल दिया। समापन सत्र के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मुख्य महाप्रबंधक सुनील सिंघल ने नैतिक सतर्कता, पारदर्शिता पर जोर दिया। धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक प्रभारी संजीव श्रीवास्तव और आभार प्रदर्शन महाप्रबंधक सौरभ वार्ष्णेय ने समापन सत्र पर धन्यवाद ज्ञापन दिया।







## बीएसपी ओए की बैठक में निर्णयों का किया स्वागत

# एसईएसबीएफ के बोर्ड ऑफ ट्रस्टिस के निर्णयों से कर्मियों का कम होगा पेंशन का टेंशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन के एक्सीक्यूटीव काउंसिल ने एसईएसबीएफ के बोर्ड आफ ट्रस्टिस के अहम निर्णयों को सेल कर्मचारियों के हितों को सर्वधन करने वाला बताया है। कहा कि फंड संबंधी फैसलों से रिटायर कर्मियों को पेंशन में सुविधा होगी। ओए की प्रगति भवन सिविकसेंटर में हुई बैठक में । कोलकाता में आयोजित एसईएसबीएफ (सेल कर्मचारी सेवानिवृत्ति अनुलाभ निधि) के बोर्ड ऑफ ट्रस्टिस की बैठक में लिए गए निर्णयों का स्वागत किया गया। सदस्यों को कर्मियों के हितों में लिए गए निर्णयों की जानकारी दी गई। ओए अध्यक्ष एनके बंछोर ने बताया कि एसईएसबीएफ की स्थापना वर्ष 1989 में उस समय की गई थी जब कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर कोई पेंशन संबंधी लाभ उपलब्ध नहीं था। कर्मचारियों को अतिरिक्त पेंशन लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से यह कोष बनाया गया था। कर्मचारी अपने वेतन का 2 प्रतिशत प्रतिमाह एसईएसबीएफ में अंशदान करते थे। इस फंड में कंपनी के ओर से कोई भी अंशदान नहीं किया गया। भारत सरकार के लोक उद्यम विभाग (डीपीई) के निर्देशों के अनुसार, सेल पेंशन योजना (एसपीएस) की स्थापना की गई, जिसके अंतर्गत नियोक्ता के रूप में सेल को इस योजना में अंशदान करने की अनुमति दी गई। कर्मचारियों को इस योजना के अनुसार एन्युटी आधारित पेंशन सेवानिवृत्ति या सेवा से पृथक्करण पर प्राप्त होती है। एसपीएस के अंतर्गत सेल पेंशन ट्रस्ट का गठन किया गया, जिसने योजना के अंतर्गत प्राप्त पेंशन अंशदान को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) में निवेश करने का विकल्प चुना।



### बंद होगी कटौती

कार्मिकों के वेतन से एसईएसबीएफ के लिए मूल वेतन प्लस महंगाई भत्ता का 2 प्रतिशत की दर से की जा रही कटौती 1 अप्रैल 2026 से (यानी मार्च 2026 का वेतन, जो अप्रैल 2026 में देय होगा) बंद कर दी जाएगी। 31 मार्च 2026 तक प्रत्येक अंशदाता के एसईएसबीएफ खाते में संचित अंशदान एवं उस पर अर्जित आय/ब्याज की शेष राशि आवश्यक औपचारिकताएँ पूर्ण करने के बाद संबंधित कार्मिकों के एनपीएस खाते में स्थानांतरित की जाएगी। कार्मिकों को यह विकल्प प्रदान किया जाएगा कि वे स्वैच्छिक आधार पर अपने मूल वेतन प्लस महंगाई भत्ता का 2 प्रतिशत मासिक अंशदान अपनी संबंधित एनपीएस खाते मकंपनी द्वारा किए जा रहे नियमित/आवधिक अंशदान के अतिरिक्त, जारी रख सकें। इसके अलावा एसईएसबीएफ के ट्रस्टिस ने एसईएसबीएफ के अध्यक्ष राजीव पांडेय व सचिव पवन कुमार अग्रवाल को सम्मिलित करते हुए प्रबंध समिति को ट्रस्ट के समापन एवं निधि के एनपीएस में अंतरण की प्रक्रियाओं/व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने तथा मध्यावधि में सेवानिवृत्त/सेवा से पृथक होने वाले कार्मिकों के मामलों का निपटान करने के लिए अधिकृत किया है। बैठक में सेफी चेयरमेन एवं ओए-बीएसपी अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर, महासचिव अंकुर मिश्रा, कोषाध्यक्ष सौभाग्य रंजन साहू, सेफी नामिनी अखिलेश मिश्रा, उपाध्यक्ष रेमी थॉमस, सचिव प्रहलाद मौर्या, अनु पी सहित जोनल प्रतिनिधिगण सुष्मिता पाटला सोमेश द्विवेदी, विकास सिंहा, एम के गुलाटी, विवेक सिंह चौहान, एस के नगाले, अंकुर राठौर, एच एल सोनवानी, विनीत वर्मा, टी के सिन्हा, रोहित हरित, विनिता वर्मा, डॉ. तनुजा आनंद, डॉ. नीला, नीरजा शर्मा, के. संगीता आदि उपस्थित थे।

हरिभूमि लाइव
रायपुर, मंगलवार 3 मार्च 2026
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

महिलाओं और बच्चों की रही विशेष भागीदारी



सिटी इवेंट

## पारंपरिक पहाड़ी गीतों और लोकनृत्यों ने मोहा मन, जड़ों से जुड़े रहने दिया संदेश



**भिलाई।** उत्तराखंड सांस्कृतिक मंडल भिलाई के तत्वावधान में मिलन समारोह का आयोजन उत्तराखंड भवन सेक्टर 7 भिलाई में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि कृष्णा नंद कब्डवाल एवं समाज के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। जिसके बाद सरस्वती वंदना की गई, जिससे वातावरण भक्तिमय और सांस्कृतिक ऊर्जा से ओतप्रोत दिखाई दिया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न नगरों रायपुर, राजनांदगांव, बेमेतरा, डोंगरगढ़, अंबिकापुर एवं कांकेर से आये उत्तराखंडी समाज के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने मिलकर अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहने का संदेश दिया। समारोह के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनोहारी प्रस्तुति दी गई, जिसमें पारंपरिक पहाड़ी गीतों एवं लोकनृत्यों ने सभी का मन मोह लिया। कलाकारों ने अपनी जीवंत प्रस्तुतियों से उत्तराखंड की समृद्ध लोकसंस्कृति की झलक प्रस्तुत की। कार्यक्रम आकर्षण बुजुर्गों का सम्मान समारोह रहा, जिसमें समाज के वरिष्ठ सदस्यों को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने अपने पूर्वजों के योगदान एवं समाज की एकता पर प्रकाश डाला। समारोह ने आपसी भाईचारे, सांस्कृतिक एकता एवं परंपराओं के संरक्षण का सशक्त संदेश दिया।



● बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश, श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि की कामना की

# पारंपरिक विधि से होलिका दहन पर सजी आस्था की वेदी, मंत्रोच्चार और पूजा के साथ जली होलिका, शहर में पर्व का बिखरा उल्लास

**भिलाई। रंगों के पर्व होली खेलने के एक दिन पहले ट्विनसिटी में सोमवार रात श्रद्धा, उल्लास और पारंपरिक विधि-विधान के साथ होलिका दहन किया गया। विभिन्न मोहल्लों और चौक-चौराहों पर विधिवत पूजा-अर्चना के बाद होलिका प्रज्वलित की गई, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान गली मोहल्लों के बच्चों ने परंपरा जीवित रखने नंगाड़े बजाकर होली जलाई। फाल्गन शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर भाद्रा का साया होने के कारण देर रात होलिका जलाई गई। जिसके लिए शाम होते ही शहर के प्रमुख स्थानों पर होलिका दहन की तैयारियां शुरू हो गई थीं। पंडितों द्वारा विधि-विधान से पूजन, रोली-चावल अर्पण और मंत्रोच्चार के बीच होलिका जलाई गई। जैसे ही होलिका प्रज्वलित हुई, वहां मौजूद श्रद्धालुओं ने परिक्रमा कर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश याद किया। महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाए और बच्चों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। बच्चों ने छोटे नगाड़े और प्लास्टिक के मिलने वाले नगाड़े बजाकर खुशियां मनाई। धार्मिक मान्यता के अनुसार होलिका दहन की अग्नि को शुभ माना जाता है। लोगों ने अग्नि की राख को घर ले जाकर तिलक लगाया और घर-परिवार की मंगलकामना की।**





### पारंपरिक विधि से जलाई होलिका

इस अवसर पर सभी समाज के लोगो ने अपनी-अपनी परंपरानुसार होलिका सजाई और पूजा अर्चना की। दुर्ग के पोलसायपारा, भिलाई के खुर्सीपार क्षेत्र सहित विभिन्न स्थानों पर रहने वाले राजस्थान, मारवाड़ के समुदायों ने गोबर के कंडे से होलिका बनाया और समाज की महिलाओं ने रात को विधि विधान से होलिका और भक्त प्रहलाद की पूजा अर्चना की और अपनी सभी तकलीफों का नजर उतारकर होलिका की अग्नि में जला दिया। सभी बड़ो को गुलाल का टीका लगाकर अशिर्वाद लिया। मंगलवार को चंद्रग्रहण होने के कारण आज होली नही खेली जायेगी। इस बार होली बुधवार को सभी स्थानों पर मनाई जायेगी।







### दुर्ग निगम परिसर में महापौर ने किया होलिका दहन

दुर्ग। होली पर्व के अवसर पर नगर पालिक निगम परिसर में महापौर अलका बाघमार ने विधि-विधान से होलिका दहन किया। इस अवसर पर प्रभारी हर्षिका संभव जैन, एमआईसी नरेंद्र बंजारे, देवनारायण चंद्रकार,शेखर चंद्रकार,लीना दिनेश देवांगन,मनीष साहू,ज्ञानेश्वर ताम्रकर,काशीराम कोसरे,शिव नायक,नीलेश अग्रवाल, शशि साहू,लीलाधर पाल,नेता प्रति पक्ष संजय कोहले,जनप्रतिनिधिगण एवं निगम अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। होलिका दहन के बाद महापौर ने कहा कि होली का पर्व हमें आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का संदेश देता है। यह पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि हमें समाज में व्याप्त नकारात्मकता को त्यागकर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और नगर की खुशहाली की प्रार्थना की।

सिटी इवेंट

## ट्रेड टॉक में बिजनेस नेटवर्किंग, रेफरेंस और व्यापार आगे बढ़ाने हुई सार्थक चर्चा



**भिलाई।** जेसीआई दुर्ग–भिलाई के तत्वावधान में ट्रेड टॉक धंधे की बात कार्यक्रम का आयोजन गंजपारा स्थित होप एनर्जी कार्यालय में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष जेसी संतोष रानू कुमार ने कहा कि जेसीआई केवल लीडरशिप डेवलपमेंट तक सीमित नहीं, बल्कि सदस्यों के व्यवसायिक विकास, आपसी नेटवर्किंग और व्यापारिक विस्तार के लिए एक प्रभावी मंच है। इस अवसर पर मंच पर उनके साथ सचिव जेसी तोरण स्वाति अटल तथा पास्ट प्रेसिडेंट जेसी रजनीश मंजू जेसवाल भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जेसी सुषांत चौबे ने सोलर एनर्जी एवं सोलर प्लांट्स के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में बढ़ती संभावनाओं, सोलर इंस्टॉलेशन की प्रक्रिया एवं उससे जुड़े बिजनेस मॉडल पर उपयोगी मार्गदर्शन दिया। साथ ही अन्य सदस्यों ने भी अपने-अपने व्यवसायों की जानकारी साझा करते हुए आपसी बिजनेस नेटवर्किंग, बिजनेस रेफरेंस और व्यापार को किस प्रकार आगे बढ़ाया जाए, इस विषय पर सार्थक चर्चा की। कार्यक्रम में लेडीज विंग की सक्रिय भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। लेडीज चेयरपर्सन लेडी जेसी रानू कुमार एवं जॉइंट सेक्रेटरी लेडी जेसी गुंजा पिंचा सहित सदस्य स्वाती सोमवंशी एवं विमी राजपूत ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का संचालन प्रोग्राम इंचार्ज हिमांशु देवांगन, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर अतुल जैन, वीपी इंचार्ज अर्पित चांडक, डायरेक्टर इंचार्ज कैलाश साहू, करण तिवारी एवं अंशुल रामारिया तथा प्रोग्राम डायरेक्टर ट्रेमन साहू की सक्रिय भूमिका रही। जनसंपर्क अधिकारी ट्विंकल खेमुका पारख ने जानकारी देते हुए कहा कि ट्रेड टॉक जैसे कार्यक्रम संगठन के सदस्यों को अपने व्यवसाय को नई दिशा देने, आपसी सहयोग बढ़ाने और मजबूत बिजनेस कनेक्शन स्थापित करने का सशक्त मंच प्रदान करते हैं।

- कार्यक्रम में दी सोलर एनर्जी और प्लांट्स की जानाकरी
- जेसीआई दुर्ग–भिलाई में 'ट्रेड टॉक–धंधे की बात' कार्यक्रम आयोजित

### आईसीएआई भिलाई ब्रांच के पदाधिकारियों ने किया कार्यभार ग्रहण, मिली नई जिम्मेदारी

भिलाई। आईसीएआई भिलाई ब्रांच द्वारा सिविक सेंटर भिलाई में संगीत महफिल सहित कार्यभार ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान शाखा के सदस्यों व उनके परिवारजनों उपस्थित थे। कार्यक्रम में वर्ष 2026-27 की नवगठित प्रबंध समिति के पदाधिकारियों अध्यक्ष सीए सुखदेव राठी, उपाध्यक्ष सीए दिलीप कुमार जैन, सचिव सीए प्रतीक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सीए प्रभजीत सिंह जग्गी और कार्यकारी सदस्य सीए राजेश कुमार बाफना ने अपने-अपने पदों का कार्यभार ग्रहण किया। तत्कालीन सचिव प्रभजीत सिंह जग्गी द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने शाखा की वर्षभर की गतिविधियों, उपलब्धियों एवं उल्लेखनीय आयोजनों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## होली का अर्थ हो-ली, जो बात बीत गई, उसका चिंतन न करें, उस पर लगाएं फुल स्टाप





**भिलाई।** होली पर्व के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज के बघेरा स्थित आनंद सरोवर के कमला दीदी सभागार में होली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें इंदौर मध्यप्रदेश की ब्रह्माकुमारी हिमांशु बहन बतौर मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित थी। कार्यक्रम की शुरुआत परमात्मा स्मृति के साथ हुआ। जिसके बाद परिधी, सान्वि, किया, दिव्यांका द्वारा होली के गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर बघेरा, केलाबाड़ी, आर्य नगर, सिंधिया नगर, चंदखुरी और विभिन्न स्थानों के ब्रह्माकुमारी सेवाकेन्द्र के अनेक भाई-बहन उपस्थित हुए। इस अवसर पर होली पर्व की आध्यात्मिक रहस्य को बताते हुए ब्रह्माकुमारी दुर्ग जिले की संचालिका रीटा बहन ने कहा कि होली की विशेषता है जलाना, फिर मनाना और फिर मंगल मिलन करना। होली अर्थात पवित्र बनने के लिए पहले पुराने संस्कार, पुरानी स्मृतियां सभी को परमात्म याद के अग्नि में जलायेंगे, तभी परमात्मा के संग का रंग लगेगा और विश्व की सर्व आत्मायें प्रभु परिवार बन जायेगा। होली का अर्थ यह भी है, हो-ली । जो बात बीत गयी उसका चिंतन न करना। ऐसी बातें जो मन को अशांत व दुःखी करने वाली उस बात को फुल स्टाप अर्थात बिन्दी लगाना है । कार्यक्रम में मंच संचालन ब्रह्माकुमारी चैतन्य बहन ने किया साथ ही सभी नगर व प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं दी।

## अंगना के गोठ हमर गांव-हमर माटी बिखेर रही सतरंगी छटा, हुए सम्मानित




**भिलाई।** अंगना के गोठ हमर गांव हमर माटी यू ट्यूब में पछले तीन वर्षों से छत्तीसगढ़ की सतरंगी छटा बिखेर रही है। इसके माध्यम से छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति, साहित्य, तीज त्योहार, परम्परा, पुरखा के सुरता जैसे कालम द्वारा हमारी सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का काम कर रही हैं।

इस संस्था के कार्यों और गतिविधियों को देखते हुए करगी रोड कोटा में सर्वोदय साहित्य समिति द्वारा सर्वोदय संस्कृति सम्मान से अलंकृत किया गया।

इस सम्मान के लिए चैनल के प्रधान संपादक डॉ दीनदयाल साहू तथा संपादक डॉ डी पी देशमुख ने अतिथियों के कर कमलों से सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र और अंग वस्त्र प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष सरोज साहू, कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ सी वी रमन विश्विद्यालय के कुल सचिव अरविन्द तिवारी और विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ गीतकार मीर अली मीर, विधायक प्रतिनिधि आर त्रिपाठी और समाजसेवी ए अग्रवाल उपस्थित रहे। संस्था के अध्यक्ष सोम प्रभा तिवारी नूर ने चैनल के कार्यों को लोगो के सामने रखा। कार्यक्रम में महेश श्रीवास, शरद यादव, समिति के सदस्य शहडोल, रायगढ़, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग , भाटापारा, प्रयागराज, कोटा जांजगीर चांपा से कई जाने माने कवि और साहित्यकार उपस्थित रहे।

- आंचलिक संस्कृति को जन जन पहुंचाने का कर रहे कार्य

नगाड़े की धुन और संस्कृति को बचाने कलाकार लगातार कर रहे प्रयास

# 30 वर्षों से लगातार अपने गांव के अन्य परिजनों के साथ पावरहाउस लाल मैदान के पास बेचते हैं नगाड़ा

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत में जहां छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति का विशेष स्थान है। वहीं प्रदेश के विभिन्न भागों में रहने वाले चर्मकार, मोची, मेहर, खटिक, कुम्हार, घसिया, पनिका, गंधर्व आदि समाज का नगाड़ा निर्माण वादन और सृजन में महत्वपूर्ण योगदान है। एक समय था जब होली दहन के पंद्रह दिनों पूर्व पावर हाउस, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, कोरबा, रतनपुर, मल्हार, रायगढ़, दंतेवाड़ा, जगदलपुर, गंडई, खम्हरिया, कवर्धा, साजा, खैरागढ़, धमतरी जैसे देवी विराजित स्थलों, नगरियों व देव स्थलों के लोक कलाकारों, फाग गीत गाने वाले लोगों की भीड़ नगाड़ा खरीदने के लिए उमड़ पड़ती थी। वे सबसे पहले मंदिरों में नंगाड़ा वादन समूह में किया करते थे और आल्हा-ऊदल से लेकर सतयुग, त्रेता युग, द्वापर कलयुग, वर्तमान से संबंधित राम, कृष्ण, आल्हा-ऊदल की वीर गाथा, नगाड़ा के माध्यम से प्रस्तुत करते थे। वहीं देवियों की स्तुतिगान नंगाड़ा के माध्यम से होता था।



### गणपति पूजन से होती है शुरुआत

लोक संस्कृति कर्मी एवं जनजाति शोधार्थी राम कुमार वर्मा ने राजू भालेकर से संवाद करते हुए बताया कि फाग गीत की परंपरा में सबसे पहले गणपति को मनाव प्रथम चरण गणपति की पंक्ति से शुरुआत कर लगातार धार्मिक, सामाजिक, पारिवारिक जीवन की विभिन्न सुख-दुख की स्थितियों, संघर्ष के परिणामों को प्रकट करने वाले फाग गीत गाए जाते थे। इसका प्रतिनिधि लोक वाद्य नगाड़ा, टासक, मंजीरा होता था। इसे बनाने के लिए चर्मकार, खटिक, घसिया समुदाय के लोग जहां कुम्हार से हांडी डेढ़-दो प्रति नग व खटीक व मेहर समुदाय के लोगों से छोटे-बड़े आकर के आधार पर बकरे का चमड़ा दो-तीन सौ नग में खरीद कर कड़ी मेहनत और कुशलता के साथ नगाड़ा को छाते हैं। इन्हें नगाड़ा बजाने में भी कुशलता प्राप्त होती है। राजू मालेकर विगत 30 वर्षों से अपनी पत्नी उर्मिला व पुत्र किशन सहित अपने गांव के अन्य परिजनों के साथ पावरहाउस लाल मैदान के पास नगाड़ा बेचने अवश्य आते हैं और अपनी पुरखौती कला को जन-जन में प्रचारित करने के लिए कटिबंध दिखाई पड़ते हैं।

### लोक वाद्य वादन की परंपरा को बढ़ाए आगे

डोंगरगांव रविदास नगर के अठावन वर्षीय राजू मालेकर ने बताया कि उनके पिता नंदलाल मालेकर जो स्वयं अपने जीवन भर पावर हाउस के लाल मैदान के सामने आकर पहले मेटाडोर बाद में ट्रक आदि में भरकर सैंकड़ों जोड़ी नंगाड़ा लाते थे और होली के एक-दो दिन पूर्व तक बेचकर वापस चले जाते थे। वे नंगाड़ा के कुशल वादक भी थे। उनके द्वारा लोक प्रचलित नगाड़ा के तालों सहित बाकी, कुहकी, लग्गी, लूंगी, गुरहा ताल, घोड़ा चाल आदि कुशलता के साथ बजाया जाता था। उन्हें घंटों देर तक बैठकर स्थानीय नंगाड़ा वादक और उनके दल के साथी ध्यान से सुनते और नंगाड़ा बजाते हुए एकटक देखते थे। एक तरह से वे अपना गुरु मानकर उनका अनुकरण भी करते थे। इस तरह से इन समुदाय के लोगों द्वारा जहां छत्तीसगढ़ की लोक वाद्य नगाड़ा वादन की परंपरा को बढ़ाया जा रहा है।

**नंगाड़ा वादन को करें प्रोत्साहित**

वहीं आज के आधुनिक वाद्य यंत्रों के मध्य भी छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति को बचाए रखने, बढ़ाए रखने के लिए ये निरंतर सृजन कर रहे हैं। भले ही आज की पीढ़ी आधुनिक यंत्रों की तरफ आकर्षित हो रही है, पर लोक संस्कृति कर्मी व जनजाति शोधार्थी, लोक वाद्य संग्राहक राम कुमार वर्मा सहित इन समुदायों के लोगों ने प्रदेशवासियों व कला प्रेमियों से अपील की है कि वे अपने गांव में भाग दलों का गठन कर नंगाड़ा वादन को अवश्य प्रोत्साहन करें। इससे जहां ध्वनि प्रदूषण नहीं होगी, वहीं लोक वाद्यों की समृद्धि होगी। आने वाली पीढ़ियां देशी और पुरखौती कलाओं को निरंतर हस्तांतरित करती रहेंगी।

## सिटी इवेंट

# शिवाजी महाराज के आदर्शों पर चलने का किया आह्वान




भिलाई। तहसील गुण्डरदेही के ग्राम सकरौद में छत्तीसगढ़ प्रदेश कूर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा शिवाजी जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छत्रपति शिवाजी महाराज के तेल चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। पूरे आयोजन में समाज की एकजुटता और गौरव का भाव साफ दिखाई दिया।

- सकरौद में शिवाजी जयंती पर उमड़ा कूर्मी समाज

मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष और दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल शामिल हुए। उन्होंने समाज के वरिष्ठजनों और जनप्रतिनिधियों को शाल, श्रीफल तथा शिवाजी महाराज की फोटो फ्रेम भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला बालोद के अध्यक्ष सुरेन्द्र देशमुख ने की। विशिष्ट अतिथियों में गुरुदेव वीरेन्द्र, भाजपा बालोद अध्यक्ष चेतन देशमुख, तारिणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, पुरुषोत्तम चंद्राकर, अशोक भारतीय और रीना देशमुख सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित थे। वार्षिक सम्मेलन के रूप में आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के विकास, शिक्षा के विस्तार और संगठन की मजबूती पर विस्तार से चर्चा की गई। विजय बघेल ने कहा कि 19 फरवरी 1630 को जन्मे शिवाजी महाराज अदम्य साहस और संगठन शक्ति के प्रतीक थे। उन्होंने कहा कि मात्र 50 वर्ष के जीवनकाल में शिवाजी महाराज ने जो कार्य किए, वे आज भी प्रेरणा देते हैं। समाज को संगठित होकर वीरता, सेवा और राष्ट्रहित की भावना से आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि कूर्मी समाज को सशक्त और संगठित बनाने में बालोद जिला अग्रणी भूमिका निभा रहा है। वक्ताओं ने युवाओं की बढ़ती भागीदारी पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आज समाज के युवा राजनीति और सामाजिक सेवा दोनों क्षेत्रों में सक्रिय हैं। इस दौरान सरदार वल्लभभाई पटेल का उल्लेख करते हुए उनके राष्ट्रनिर्माण में योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम में देवेन्द्र देशमुख, गोपेश्वर देशमुख, संतोष देशमुख, मिथलू देशमुख, यशवंत देशमुख, प्रीतम देशमुख, अनिल देशमुख सहित सैकड़ों सदस्य उपस्थित थे।

● रोड एक्सीडेंट में घायलों की मदद कर पा सकते हैं सवा लाख रुपए और केंद्रीय सरकार से सम्मान

# 40 नृत्य, नाट्य और जनसरोकारी प्रस्तुतियों ने मोहा मन, स्टूडेंट्स और प्रोफेसर्स को मिली स्कॉलरशिप

भिलाई। शिक्षाधानी भिलाई के सेक्टर 7 स्थित कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान करीब 40 से अधिक सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने प्रस्तुति दी। एकल गायन से लेकर समूह गायन, नृत्य, नाट्य और जनसरोकारी गतिविधियों की मोहक प्रस्तुति दी गई। साथ ही पुरस्कार वितरण समारोह भी आयोजित किया गया। बीएसपी के टाउनशिप विभाग में महाप्रबंधक एबी.श्रीनिवास ने फिट इंडिया और खेलो इंडिया खेलो का जिक्र किया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए नियमित व्यायाम करने के लिए कहा। योग, कसरत और शारीरिक गतिविधि की महत्ता पर जोर दिया। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अफसर और छग सड़क सुरक्षा के प्रभारी संजय शर्मा ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया। संजय शर्मा ने कहा कि हमारे छात्र जीवन से ही कल्याण महाविद्यालय का हर क्षेत्र में दबदबा रहा है। संजय शर्मा ने ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील की। साथ ही केवल हेलमेट पहनकर और सिर्फ सीट बेल्ट लगाकर सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली अनहोनियों को उल्लेखनीय ढंग से कम किया जा सकता है। प्राचार्य डॉ.विनय शर्मा ने महाविद्यालय के छह दशक के विकास क्रम का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जब यहां गिने-चुने ही स्कूल थे तब कल्याण महाविद्यालय की स्थापना हुई थी। कल्याण महाविद्यालय ने शिक्षाधानी भिलाई में उच्च शिक्षा का बीजारोपण किया था, जो आप विशाल वटवृक्ष बन चुका है।




### हमेशा नकारात्मकता से दूर रहकर सकारात्मक सोचें

छत्तीसगढ़ कल्याण समिति के सचिव जे.एल.सोनी ने कहा कि हमेशा सकारात्मक सोचें। नकारात्मकता से दूर रहे। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि घर में, परिवार में नोंकझोंक होते रहती है। लेकिन हिंदी में पति और पत्नी लिखेंगे तो पति में छोटी 'ई' आता है जबकि पत्नी में बड़ी 'ई' आता है। इस लिहाज से पत्नी बड़ी होती है और पति छोटे होते हैं। साथ ही कॉलेज के एलुमनी, अर्जुन अवॉर्डी और ओलंपियन राजेंद्र प्रसाद विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### विद्यार्थी-प्राध्यापक हुए सम्मानित

मौजूदा अकादमिक सत्र में विभिन्न विषयों में नेट और सेट की परीक्षा उत्तीर्ण किए विद्यार्थियों और प्राध्यापकों को भी सम्मानित किया गया। साथ ही अलग-अलग विषय पर पुस्तकों का लेखन करने वाले, पेटेंट करवाने वाले प्राध्यापकों को भी सम्मानित किया गया। साथ ही विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में स्थान बनाने वाले, विश्वविद्यालय सहित राज्य और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया गया।






### विद्यार्थियों को मिली स्कॉलरशिप

महाविद्यालय में विभिन्न दानदाताओं के सहयोग से विद्यार्थियों को हर वर्ष स्कॉलरशिप दी जाती है। इसमें मेरिट में स्थान बनाने वाले, खेलों में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले और जरूरतमंद होनहार विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और पांच हजार रुपए तक की राशि प्रदान की गई।

### इनकी रही महती भूमिका

महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह में छात्र संघ प्रभारी व राजनीति विज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ.मणिमेखला शुक्ला की सक्रिय भूमिका रही। इस दौरान छत्तीसगढ़ कल्याण समिति के अध्यक्ष पूर्णेन्दु देवदास, उपाध्यक्ष अनिल साहू, कोषाध्यक्ष केएन अग्रवाल व महाविद्यालय उप प्राचार्य डॉ.लखन चौधरी, संकाय अध्यक्ष डॉ.सलीम अक़ील, डॉ.गुणवंत चंद्रौल, डॉ. ईश्वर सिंह बरगाह, डॉ.के.एन.दिनेश, डॉ.सुधीर शर्मा, डॉ.अनुराग पाण्डेय, डॉ. हरीश कश्यप, डॉ.सौम्य खरे, डॉ.नीलम शुक्ला, डॉ.कविता वर्मा, महाविद्यालय के प्रमुख लिपिक चिम्मनलाल सौंड़े सहित अन्य प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी, शोधार्थी, विद्यार्थी और अन्य उपस्थित रहे।

## समाज लाइव

# गंजाम अग्निकुल क्षत्रिय समाज के कार्यवाहक अध्यक्ष बने टी सहदेव






भिलाई। गंजाम अग्निकुल क्षत्रिय समाज भिलाई की महत्वपूर्ण बैठक सेक्टर 1 पार्क में आयोजित की गई। जिसमें पूर्व बीएसपी कर्मी टी सहदेव को कार्यवाहक अध्यक्ष, बीएसपी से सेवानिवृत्त सहायक महा प्रबंधक आर राममूर्ति को संरक्षक, टी सुरेंद्र को कार्यवाहक उपाध्यक्ष, बी तुलसी राव को कार्यवाहक महासचिव मनोनीत किया गया है। ये वर्तमान में छह माह तक अपने पदों पर बने रहेंगे। इनके अलावा बीएसपी से सेवानिवृत्त सहायक प्रबंधक बी लोकराजू को कोषाध्यक्ष, आर मोहनराव को मीडिया प्रभारी तथा संचार प्रमुख, पी नागेश्वर राव को सचिव, एस विजय को उपसचिव बनाया गया है। सलाहकार मंडल में जी लक्ष्मणराव, केशव राव तथा टी सुब्बाराव को शामिल किया गया है। ये पदाधिकारी भी अन्य पदाधिकारियों की तरह कार्यवाहक ही रहेंगे।

- आर राममूर्ति संरक्षक, टी सुरेंद्र उपाध्यक्ष, बी तुलसी राव महासचिव मनोनीत

बैठक में ओड़िशा के गंजाम जिले के अंतर्गत आने वाले गांवों बक्सिपल्ली, सोलबिंधा, गिरिसोला, सोन्नापुर, अड़तालपल्ली, नया कमलापुर, कीर्तिपुर, गोलाबंधा, बड़ापुट्टी तथा एकसिंग के तीस से ज्यादा प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया था। बैठक में मनोनीत पदाधिकारियों के अलावा ग्राम प्रतिनिधियों आर सुंदर राव, एमएस राव, ई नोइदास, बी सनमुख राव, उमापति, टी डिल्लेश्वर, पी वेंकट राव, जी वेंकट, वाई केशवराव, बी अनमोल, टी रामाराव, पी धनराजू, बी शेखर राव, जीवी राव, पी जगन्नाथ, पी नारायण, बी भास्कर, जी देवराजू, डी हेमराज तथा एस किरण शामिल हुए। सभी पदाधिकारियों का मनोनयन सर्वसम्मति से किया गया है। भिलाई में पिछले छह दशकों से गंजाम जिले के बीस से ज्यादा गांवों के सैकड़ों लोग निवास कर रहे हैं, बाकी गांवों के लोगों को भी एक छतरी के नीचे लाने का प्रयास किया जाएगा।

## आमसभा व होली मिलन समारोह

# समाज की एकता, संगठन और सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया



दुर्ग/ननकट्ठी। राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादह की उपसमिति दुर्ग उत्तर द्वारा वार्षिक आमसभा और होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं, युवा और बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग की महापौर अलका बाघमार मौजूद रहीं। अध्यक्षता उपसमिति अध्यक्ष हरनारायण सिंह ने की। विशिष्ट अतिथियों में पार्षद और एमआईसी सदस्य देव नारायण चंद्राकर, महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह, महासचिव अशोक ठाकुर, सहसचिव सत्येंद्र राजपूत तथा केंद्रीय महिला अध्यक्ष रश्मि सिंह शामिल रहे। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत उद्बोधन से हुई। इसके बाद सचिव रोशन सिंह ने वार्षिक सचिव प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें वर्षभर की गतिविधियों और सामाजिक कार्यों का उल्लेख किया गया। कोषाध्यक्ष भूपेश सिंह ने आय-व्यय का विवरण पढ़कर सुनाया और संगठन की आर्थिक स्थिति से सदस्यों को अवगत कराया। होली मिलन समारोह के अवसर पर महिला मंडल ने विशेष रूप से खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों और सम्मान समारोह का आयोजन किया। समाज के प्रतिभावान और विशिष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले सदस्यों को मंच पर सम्मानित किया गया। इससे कार्यक्रम में उत्साह और अपनापन दोनों साफ दिखाई दिए। समारोह में पूर्व सचिव माधो सिंह, उपाध्यक्ष महेश नारायण सिंह, कार्यकारिणी सदस्य पीएस चंदेल, निर्णायक सदस्य देवी सिंह, सहसचिव मलखान सिंह, वरिष्ठ सदस्य अजय सिंह राजपूत, कुमार सिंह, अविनाश सिंह, मीडिया प्रभारी लोकेश्वर सिंह, अनेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे। महिला मंडल की ओर से महिला अध्यक्ष मनीषा राजपूत, भूतपूर्व महिला अध्यक्ष संध्या सेंगर, महिला सचिव नीलिमा राजपूत और पूरी टीम ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। अंत में उपसमिति के पदाधिकारियों ने उपस्थित सभी अतिथियों और समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए समाज की एकता, संगठन और सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया।

## रिसाली में कार्यक्रम आयोजित

# जीवन में कर्मों से समाज को स्वच्छता व सेवा का दिया संदेश, मनाई गाड़गे बाबा की जयंती




भिलाई। रजक धोबी निर्मलकर समाज रिसाली परिक्षेत्र द्वारा राष्ट्र संत शिरोमणि गाडगे बाबा कीं 150वीं जयंती धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि विधायक ललित चंद्राकर थे।

विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि आज हम सभी ऐसे महान संत का स्मरण कर रहे हैं, जिन्होंने अपने जीवन और कर्मों से समाज को स्वच्छता, सेवा और सामाजिक जागरुकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि संत गाडगे बाबा ने स्वच्छता ही सच्ची पूजा का जो संदेश दिया, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक और प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त 2014 को लाल किले से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की और आज स्वच्छता जनआंदोलन बन चुकी है। संत गाडगे बाबा के विचारों का ही प्रभाव है कि देश में स्वच्छता के प्रति व्यापक जागरुकता आई है। विधायक ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान ने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में माताओं-बहनों को सम्मान दिलाने का कार्य किया है। देशभर में शौचालयों के निर्माण से उनकी गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। विधायक ने कहा कि शिक्षा ही विकास का मूलमंत्र है।

शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त कर नौकरी हासिल करने का माध्यम नहीं, बल्कि सफल और संस्कारित जीवन जीने की आधारशिला है। उन्होंने समाज से अपील करते हुए कहा कि सभी बच्चों को शिक्षा से जोड़ना हम सबकी जिम्मेदारी है। साथ ही उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रखने और समाज में नशामुक्त वातावरण बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया। इस अवसर पर विधायक चंद्राकर ने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित भी किया। इस अवसर परमनोज निर्मलकर, विष्णु निर्मलकर, जीवन निर्मलकर, पोशू निर्मलकर, डॉ. धर्मेंद्र निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

# डॉ. खूबचंद बघेल महाविद्यालय में सांसद ने किया पुरस्कार वितरण



भिलाई। डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई-3 में पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल थे। अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अश्विनी महाजन ने की। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. अनुपमा अस्थाना,क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, भूपेन्द्र कुलदीप, चरोदा मंडल भाजपा अध्यक्ष ए गौरीशंकर, सांसद प्रतिनिधि विपिन चंद्राकर. बालमुकुंद वर्मा, तुलसी ध्रुव, श्याम सुंदर जायसवाल, परमजीत सिंह, धीरेन्द्र प्रसाद, वीरेन्द्र गढ़वाल,अभिषेक शर्मा मौजूद थे। मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं राजकीय गीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। सांसद बघेल ने कहा कि वर्ष 1983 में महाविद्यालय की शुरुआत लगभग सवा सौ छात्रों से हुई थी। अनेक उतार-चढ़ाव के बाद आज यहां हजारों विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में निजी महाविद्यालयों की अधिकता के बाद भी यह शासकीय संस्था कम संसाधनों में भी सुचारू रूप से संचालित हो रही है जो गर्व का विषय है। समारोह में विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक पेश किया।

## सुर संगीत संगम मेलोडी मेकर्स का भव्य आयोजन लता मंगेशकर नाइट

# फूल तुम्हें भेजा है खत में, आपकी नजरों ने समझा प्यार के काबिल मुझे, गीतों ने बांधा समां, लता को दी श्रद्धांजलि

कार्नर न्यूज

भिलाई। सांगीतिक संस्था सुर संगीत संगम मेलोडी मेकर्स और ऑफिसर्स एसोसिएशन भिलाई इस्पात संयंत्र के संयुक्त तत्वावधान में 115वें अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को सेलिब्रेट करने प्रगति भवन सिविक सेंटर, भिलाई में सांगीतिक संध्या लता मंगेशकर नाईट का आयोजन किया गया। जिसमें फूल तुम्हें भेजा है खत में,,,,, आपकी नजरों ने समझा प्यार के काबिल मुझे ,,,जैसे गीतों पर सभी गायिकाओं ने अपनी सुरीली आवाज में एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांसद पत्नी रजनी विजय बघेल थीं। विशिष्ट अतिथियों में ब्रह्मकुमारी आशा बहन, बीएसपी ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सेफी चेयरमैन नरेंद्र कुमार बंछोर और डॉ. मीता डे उपस्थित रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। आयोजन समिति के महेश कुमार विनोदिया, शिप्रा मंडल, माया बैनर्जी और रश्मि घाटे द्वारा सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।






### इन गायिकाओं ने दी प्रस्तुति

आयोजन स्वर कोकिला लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि देने के लिए समर्पित एक संगीतमय कार्यक्रम किया गया था। जिसमें क्षेत्र की प्रतिष्ठित गायिका शिप्रा मंडल, रुपाली सखारे, अलका शर्मा, माया बैनर्जी, रीतू मिश्रा, तृप्ति साहू, मंजीता भारद्वाज, शाहीन खान, दीपा बोकाडे, रश्मि घाटे एवं नमिता गांगुली सहित अन्य महिलाओं ने लता के सुपरहिट एवं सदाबहार गीतों की भावपूर्ण एवं उत्कृष्ट प्रस्तुतियां दीं। शाहीन खान द्वारा मेल व फीमेल दोनों स्वर में प्रस्तुत गायन ने दर्शकों की विशेष सराहना मिली। कार्यक्रम का संचालन ज्योति धारकर द्वारा किया गया। सभी गायिकाओं को मुख्य अतिथियों द्वारा पुष्पगुच्छ और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही समाज की प्रतिभाशाली महिलाओं में लेखन, समाजसेवा और पत्रकारिता से जुड़ी महिलाओं में शबा खान, संगीता मिश्रा, शाहीन खान का सम्मान किया गया।

### गीतों के माध्यम से दी श्रद्धांजलि

इस दौरान अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पहले आयोजित लता मंगेशकर नाईट महिला सशक्तिकरण की भावना को समर्पित एक प्रेरणादायी एवं गरिमामय पहल है। यह आयोजन समाज में महिलाओं एवं बालिकाओं के समान अधिकार, न्याय एवं सशक्त भागीदारी के समर्थन का प्रतीक बना है। स्वर कोकिला लता के अमर गीतों की प्रस्तुति उनके प्रति सम्मान और श्रद्धांजलि अर्पित करने का सशक्त माध्यम रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं संयोजन सुर संगीत संगम मेलोडी मेकर्स समूह के डायरेक्टर महेश कुमार विनोदिया, शिप्रा मंडल, गिरीश चतुर्वेदी, शांताराम वानखेड़े, माया बैनर्जी एवं संपूर्ण टीम द्वारा किया गया। इस अवसर पर परविन्दर सिंह, दीपेंद्र हलधर, राजेश धारकर, जगजीत सिंह भाटिया, परन राज भाटिया, जयंत भोंसले, बी.आर. वर्मा, जानकी प्रसाद, प्रकाश बेहरा, शांताराम वानखेड़े, गिरीश चतुर्वेदी सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं संगीत प्रेमी उपस्थित रहे।

ज्योतिष

## चंद्र ग्रहण का इन राशियों पर पड़ेगा विशेष प्रभाव, तरक्की के योग



ग्रहण की यह खगोलीय घटना केवल वैज्ञानिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि धार्मिक और ज्योतिषीय रूप से भी बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है। वहीं यह ग्रहण सूर्य की राशि सिंह में लगने जा रहा है। इसलिए इस ग्रहण का प्रभाव 12 राशियों पर देखने को मिलेगा लेकिन कुछ राशियों के लिए यह समय करियर, कारोबार और आर्थिक उन्नति के नए द्वार खोल सकता है।

**मेष राशि :** मेष राशि वालों के लिए यह ग्रहण करियर में नई जिम्मेदारियों और पदोन्नति के संकेत दे रहा है। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत रंग ला सकती है। अधिकारियों से सराहना मिलने के योग हैं। व्यापार से जुड़े लोगों को नई डील या साझेदारी का लाभ मिल सकता है।

**सिंह राशि :** सिंह राशि के जातकों के लिए यह समय आत्मविश्वास बढ़ाने वाला रहेगा। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे हो सकते हैं। सरकारी या प्रशासनिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को विशेष लाभ मिल सकता है। निवेश से जुड़े फैसले सोच-समझकर लें, लेकिन लाभ के संकेत प्रबल हैं। साथ ही इस समय आपको मेहनत के साथ- साथ भाग्य का भी साथ मिल सकता है।

**धनु राशि :** धनु राशि वालों के लिए यह ग्रहण आर्थिक दृष्टि से शुभ संकेत दे रहा है। करियर में बदलाव या नई नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। कारोबार में विस्तार की योजना बना रहे लोगों को सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं। विदेश से जुड़े कार्यों में भी सफलता मिलने की संभावना है।

**वृषभ राशि :** वृषभ राशि के जातकों के लिए यह समय स्थिरता और लाभ का संकेत दे रहा है। संपत्ति या निवेश से लाभ हो सकता है। नौकरी में नई जिम्मेदारी मिल सकती है लेकिन आपको इस समय मेहनत अधिक करनी पड़ सकती है।

## 15 मार्च से वृष, कुंभ, और मिथुन राशि वालों को करियर और कारोबार में लाभ



ज्योतिष पंचांग के अनुसार 15 मार्च से एक विशेष त्रिग्रही योग बनने जा रहा है। आपको बता दें कि जब एक ही राशि या भाव में तीन प्रमुख ग्रह एक साथ आ जाते हैं, तो उसे त्रिग्रही योग कहा जाता है। ज्योतिष अनुसार 15 मार्च को सूर्य, शनि और शुक्र त्रिग्रही योग बनाएंगे। सूर्य इस दिन मीन राशि में प्रवेश करेंगे, जहां पहले से शुक्र और शनि देव विराजमान हैं। ऐसे में इस योग के बनने से वृष, कुंभ और मिथुन राशि वालों के लिए करियर, व्यापार और आर्थिक मामलों में सकारात्मक परिणाम देने वाला हो सकता है।

**वृष राशि :** यह योग आपकी राशि से इनकम और लाभ स्थान पर बनने जा रहा है। इसलिए यह योग कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां और पदोन्नति के संकेत दे सकता है। लंबे समय से अटके काम पूरे हो सकते हैं। व्यापारियों को नई डील मिलने की संभावना है। निवेश से लाभ मिल सकता है। वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग मिलने की संभावना है।

**कुंभ राशि :** यह योग आपकी गोचर कुंडली से धन भाव पर बनेगा। इसलिएयह समय नेटवर्किंग और नए अवसरों का हो सकता है। सरकारी या कॉर्पोरेट सेक्टर में कार्यरत लोगों को सम्मान मिलने की संभावना है। पार्टनरशिप में लाभ के योग हैं। शनि की ऊर्जा मेहनत का पूरा फल दिला सकती है। आपकी वाणी में प्रभाव बढ़ सकता है।

**मिथुन राशि :** त्रिग्रही योग बनने से मिथुन राशि वालों के अच्छे दिन शुरू हो सकते हैं। यह योग आपकी राशि से कर्म भाव पर बनने जा रहा है। मार्केटिंग, मीडिया और कम्युनिकेशन से जुड़े लोगों को विशेष लाभ होने की संभावना है। शुक्र की कृपा से आर्थिक स्थिति में सुधार संभव है। नौकरीपेशा लोगों को कार्यस्थल पर नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

### गलत रंगों का प्रयोग जीवन में तनाव और दरिद्रता ला सकता है

# होली पर रंगों का गलत चुनाव बिगाड़ सकता है आपकी किस्मत, सुख-समृद्धि के लिए अपनाएं ये वास्तु टिप्स

होली का त्यौहार केवल मौज-मस्ती और रंगों का मिलन नहीं है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, होली के दिन इस्तेमाल होने वाले रंगों का हमारे मानसिक स्वास्थ्य, भाग्य और भविष्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है। यदि हम वास्तु के नियमों के अनुसार सही रंगों का चयन करते हैं, तो जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और सफलता का संचार होता है। इसके विपरीत, गलत रंगों का प्रयोग जीवन में तनाव और दरिद्रता ला सकता है। वास्तु विशेषज्ञ बताते हैं कि हर रंग की अपनी एक ऊर्जा होती है, जो हमारे चक्रों को प्रभावित करती है। इसलिए इस होली अपनी राशि और जरूरतों के हिसाब से ही रंगों का चुनाव करें।



### लाल रंगः आत्मविश्वास और करियर में सफलता का मंत्र

वास्तु शास्त्र में लाल रंग को शक्ति, साहस और प्रेम का प्रतीक माना गया है। जो लोग अपने करियर में नई शुरुआत करना चाहते हैं या आत्मविश्वास की कमी महसूस करते हैं, उन्हें लाल गुलाल से होली खेलनी चाहिए। यह रंग शरीर में नई ऊर्जा भरता है और रिश्तों में गर्माहट लाता है। कार्यक्षेत्र में प्रगति की इच्छा रखने वालों के लिए लाल रंग का तिलक लगाना काफी शुभ माना जाता है।

### पीला रंगः घर में लाएगा खुशहाली और आर्थिक मजबूती

पीले रंग का सीधा संबंध भगवान विष्णु और देवगुरु बृहस्पति से होता है। यह रंग ज्ञान, शुभता और फिनांशियल स्टेबिलिटी का प्रतिनिधित्व करता है। छात्रों और नौकरीपेशा लोगों के लिए पीला रंग सबसे उत्तम है। वास्तु के अनुसार, होली पर पीले रंग का उपयोग करने से घर में सुख-शांति बनी रहती है और नकारात्मकता दूर होती है। यह रंग मन को प्रसन्न और विचारवान बनाने में मदद करता है।

### गुलाबी रंगः रिश्तों की कड़वाहट को करेगा दूर

गुलाबी रंग को स्नेह और कोमलता का प्रतीक माना जाता है। यदि आपके पारिवारिक रिश्तों या पार्टनर के साथ गलतफहमियां चल रही हैं, तो गुलाबी गुलाल का प्रयोग करें। वास्तु के अनुसार, यह रंग हृदय चक्र को प्रभावित करता है, जिससे लोगों के बीच आपसी प्रेम और अपनापन बढ़ता है। यह जीवन में सौहार्दपूर्ण बदलाव लाने के लिए सबसे प्रभावी रंग है।

### भूलकर भी न करें इन रंगों का इस्तेमाल

वास्तु शास्त्र के अनुसार, होली के पावन उत्सव पर काले या बहुत अधिक गहरे रंगों के प्रयोग से बचना चाहिए। काले रंग को राहु और शनि की भारी ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है, जो जीवन में अचानक बाधाएं और नकारात्मक विचार पैदा कर सकता है। होली खुशियों का त्यौहार है, इसलिए हमेशा चमकीले और सात्विक रंगों को प्राथमिकता दें ताकि आपकी किस्मत भी इन्हीं रंगों की तरह चमक उठे।

## स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है मूंगफली की चिक्की, जानिए इसके बेहतरीन फायदे

मूंगफली की चिक्की एक लोकप्रिय भारतीय मिठाई है, जो न केवल स्वाद में बेहतरीन है, बल्कि इसमें कई सेहत के लिए फायदेमंद गुण भी होते हैं। यह एक पौष्टिक नाश्ता है, जिसे बच्चे से लेकर बड़े तक पसंद करते हैं। मूंगफली की चिक्की में प्रोटीन, फाइबर और विटामिन्स की भरपूर मात्रा होती है, जो हमारे शरीर के लिए बहुत फायदेमंद हैं। आइए जानते हैं कि मूंगफली की चिक्की खाने से क्या-क्या फायदे मिल सकते हैं।



**प्रोटीन का अच्छा स्रोत है मूंगफली की चिक्की :** मूंगफली की चिक्की में प्रोटीन की मात्रा बहुत अधिक होती है, जो हमारे शरीर के लिए जरूरी है। प्रोटीन मांसपेशियों को मजबूत बनाने और शरीर की मरम्मत करने में मदद करती है। इसके अलावा यह हमें ऊर्जा भी देती है। खासकर बच्चों और व्यायाम करने वालों के लिए यह एक बेहतरीन नाश्ता है, जो उन्हें पर्याप्त प्रोटीन प्रदान करता है और उनकी ऊर्जा स्तर को बनाए रखता है।

**दिल की सेहत के लिए फायदेमंद :** मूंगफली की चिक्की में मौजूद अच्छे फैट दिल की बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद कर सकते हैं। ये फैट रक्त संचार को बेहतर बनाते हैं और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को संतुलित रखते हैं। इसके अलावा इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स दिल को स्वस्थ रखने में सहायक होते हैं। नियमित रूप से सीमित मात्रा में मूंगफली की चिक्की खाने से दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है और रक्त संचार बेहतर होता है।

**दिमाग के लिए है फायदेमंद :** मूंगफली की चिक्की में ऐसे पोषक तत्व होते हैं, जो दिमाग को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। ये पोषक तत्व दिमाग की कार्यक्षमता को सुधारते हैं और मानसिक थकान को कम करते हैं। इसके अलावा इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स दिमाग की कोशिकाओं को नुकसान से बचाते हैं। नियमित रूप से सीमित मात्रा में मूंगफली की चिक्की खाने से दिमागी बीमारियों का खतरा कम होता है और मानसिक सक्रियता बेहतर होती है।

**हड्डियों को मजबूत बनाने में है सहायक :** मूंगफली की चिक्की में ऐसे खनिज पाए जाते हैं, जो हड्डियों को मजबूत बनाने में सहायक होते हैं। ये खनिज हड्डियों की संरचना को मजबूत करते हैं और उन्हें स्वस्थ रखते हैं।

## ढोकला खाने के शौकीनों के लिए हैं इसके कई प्रकार, खाने वालों को आएंगे पसंद

ढोकला एक लोकप्रिय गुजराती नाश्ता है, जिसे आमतौर पर हल्के भोजन के रूप में खाया जाता है। यह प्रोटीन और फाइबर से भरपूर होता है, जिससे यह सेहत के लिए भी फायदेमंद है। आज हम आपको 5 अलग-अलग प्रकार के ढोकले की रेसिपी बताएंगे, जिन्हें आप आसानी से घर पर बना सकते हैं। इन रेसिपी को आजमाकर आप अपने मेहमानों को भी प्रभावित कर सकते हैं।

**पनीर ढोकला :** पनीर ढोकला एक बेहतरीन विकल्प है, जो बच्चों से लेकर बड़ों तक, सभी को पसंद आएगा। इसे बनाने के लिए सबसे पहले बेसन को पानी में घोलकर उसमें नमक, हल्दी और लाल मिर्च पाउडर मिलाएं। इसे थोड़ी देर के लिए ढककर छोड़ दें। अब इसमें कद्दूकस किया हुआ पनीर मिलाएं और फिर इसे भाप में पकाएं। पकने के बाद इसे धनिया और हरी मिर्च की चटनी के साथ परोसें। ऊपर से तड़का लगाना न भूलें।

**रवा ढोकला :** रवा ढोकला एक आसान और जल्दी बनने वाला नाश्ता है, जिसे आप सुबह या शाम के खाने में बना सकते हैं। इसके लिए सूजी को पानी में घोलकर उसमें नमक, हल्दी, लाल मिर्च पाउडर मिलाएं और थोड़ी देर के लिए छोड़ दें। अब इसमें खाने का सोडा मिलाकर इसे भाप में पकाएं। पकने के बाद ऊपर से तड़का लगाने के लिए तेल गर्म करके उसमें राई, जीरा, हरी मिर्च डालें और इसे ढोकले पर डाल दें।



**पालक ढोकला :** पालक ढोकला एक सेहतमंद विकल्प है, जिसमें पालक की पौष्टिकता शामिल होती है। इसे बनाने के लिए पालक को पीसकर उसका पेस्ट बनाएं। अब बेसन को पानी में घोलकर उसमें नमक, हल्दी, लाल मिर्च पाउडर मिलाएं और इसमें पालक का पेस्ट मिलाएं। फिर इसमें खाने का सोडा मिलाकर इसे भाप में पकाएं। पकने के बाद ऊपर से तड़का लगाने के लिए तेल गर्म करके उसमें राई, जीरा, हरी मिर्च डालें और इसे ढोकले पर डाल दें।

**खांडवी ढोकला :** खांडवी ढोकला एक बहुत ही खास और स्वादिष्ट नाश्ता है। इसे बनाने में थोड़ा समय लगता है, लेकिन इसका स्वाद अनोखा है। इसके लिए बेसन और दही को मिलाकर पतला घोल तैयार करें और उसे तवे पर फैलाएं, फिर इसे रोल करें। इसी प्रकार सारे घोल को रोल करके काट लें।



## दिन में नींद लेना फायदेमंद होता है या नुकसानदायक...?

थकान की वजह से लोग दिन में सोना पसंद करते हैं। बात जब दिन में नींद लेने की आती है तो इसको लेकर कई गलतफहमियां फैली हुई हैं। कुछ लोग मानते हैं कि दिन में नींद लेना आलस्य की निशानी है, जबकि कुछ लोगों का मानना है कि यह सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। इस लेख में हम इन गलतफहमियों की हकीकत जानेंगे और समझेंगे कि वास्तव में दिन में नींद लेना फायदेमंद है या नहीं।

**भ्रम- दिन में नींद लेना आलस्य है :** कई लोग मानते हैं कि दिन में नींद लेना आलस्य की निशानी है और इसे नहीं करना चाहिए। सच्चाई यह है कि अगर आप रात को पर्याप्त नींद नहीं ले पा रहे हैं तो दिन में 20-30 मिनट की नींद लेना फायदेमंद हो सकता है। यह आपके ऊर्जा स्तर को बढ़ाता है और आपको तरोताजा महसूस कराता है। इसलिए इसे आलस्य न समझें, बल्कि अपनी जरूरत के अनुसार इसे अपनाएं।



**भ्रम - दिन में नींद लेना नुकसानदायक होता है :** कुछ लोग यह मानते हैं कि दिन में नींद लेना नुकसानदायक होता है और इससे सेहत पर बुरा असर पड़ता है। हालांकि, अगर आप दिन में 20 मिनट की छोटी नींद लेते हैं तो यह आपके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अच्छा हो सकता है। यह आपके दिमाग को आराम देता है और इससे आपकी थकान भी कम हो सकती है। इसलिए इसे नुकसानदायक न समझें, बल्कि इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

**भ्रम- केवल बच्चों को ही दिन में नींद लेनी चाहिए :** बहुत से लोग यह मानते हैं कि केवल बच्चों को ही दिन में नींद लेनी चाहिए, जबकि बड़ों को ऐसा करने की जरूरत नहीं होती। सच्चाई यह है कि बड़े लोग भी अपनी ऊर्जा को वापस पाने के लिए दिन में नींद ले सकते हैं। यह उनकी काम करने की क्षमता को बढ़ाता है और उन्हें तरोताजा महसूस कराने में मदद करता है। इसलिए इसे केवल बच्चों तक सीमित न समझें, बल्कि बड़े भी इसका लाभ उठा सकते हैं।

### भ्रम- दिन में ज्यादा देर तक नींद लेना अच्छा होता है

कुछ लोग यह मानते हैं कि दिन में ज्यादा देर तक नींद लेना अच्छा होता है, जबकि ऐसा नहीं है। ज्यादा देर तक झपकी लेने से आपकी रात की नींद प्रभावित हो सकती है और आपको ठीक तरह से नींद नहीं आएगी। इसलिए, 20-30 मिनट की छोटी नींद लेना ही सबसे अच्छा होता है, ताकि आपकी रात की नींद पर कोई असर न पड़े और आप तरोताजा भी महसूस करें।

### भ्रम- दिन में नींद लेना सिर्फ कामकाजी लोगों के लिए जरूरी

कुछ लोगों का मानना है कि सिर्फ कामकाजी लोगों को दिन में नींद लेने की जरूरत होती है, ताकि वे थकान दूर कर सकें। सच्चाई यह है कि हर किसी को नींद लेने की जरूरत होती है, चाहे वह कामकाजी हो या नहीं। यह आपके मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है और आपको तरोताजा महसूस कराता है। इसलिए इसे सिर्फ कामकाजी लोगों तक सीमित न समझें, बल्कि सभी इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

कार्नर न्यूज

### अपनाएं ये घरेलू उपाय और पाएं खिली-खिली त्वचा

# होली पर केमिकल वाले रंगों से डरने की जरूरत नहीं, सुरक्षा जरूरी

रंगों का महापर्व होली दस्तक देने वाला है और बाजारों में गुलाल की महक गूंजने लगी है। हालांकि, उत्साह के बीच स्किन डैमेज का खतरा भी बढ़ जाता है। बाजार में मिलने वाले सिंथेटिक रंगों में मौजूद हानिकारक केमिकल्स त्वचा को रूखा और बेजान बना देते हैं। कई बार इनसे स्किन फटने और एलर्जी की समस्या भी हो जाती है। विशेषज्ञों के अनुसार, अगर आप होली खेलने से पहले सही स्किन केयर रूटीन अपनाते हैं, तो इन समस्याओं से आसानी से बच सकते हैं। आइए जानते हैं वे आसान घरेलू नुस्खे जो आपकी त्वचा को सुरक्षा कवच प्रदान करेंगे।



### नारियल तेल का सुरक्षा कवच

होली के जिद्दी रंगों से बचने के लिए नारियल तेल सबसे प्रभावी उपाय है। यह त्वचा को गहराई से मॉइश्चराइज करता है और ऊपर एक सुरक्षात्मक परत बनाता है। रात को सोने से पहले चेहरे और शरीर की नारियल तेल से मालिश करें। इससे त्वचा हाइड्रेटेड रहती है और रंग रोमछिद्रों के अंदर नहीं जा पाता। सुबह होली खेलने से पहले भी इसे लगाना फायदेमंद होता है।

### बेसन और दही का मैजिकल फेस पैक

त्वचा की रंगत निखारने के लिए बेसन और दही का मिश्रण सदियों से आजमाया जा रहा है। होली से कुछ दिन पहले इस पैक का नियमित इस्तेमाल शुरू कर दें। बेसन और दही को मिलाकर गाढ़ा पेस्ट तैयार करें और इसे चेहरे पर लगाएं। यह प्राकृतिक क्लींजर की तरह काम करता है और डेड स्किन सेल्स को हटाकर त्वचा को स्वस्थ बनाता है। इससे रंगों का असर कम होता है।

### सरसों और बादाम तेल का इस्तेमाल

चेहरे, गर्दन और हाथ-पैरों पर सरसों या बादाम का तेल लगाना एक पारंपरिक और सटीक तरीका है। यह तेल त्वचा पर एक 'नेचुरल शील्ड' की तरह काम करता है। सरसों के तेल की चिपचिपाहट रंगों को त्वचा पर चिपकने नहीं देती, जिससे बाद में रंग आसानी से छूट जाते हैं। बादाम का तेल विटामिन-E से भरपूर होता है, जो स्किन को पोषण देता है।




### एलोवेरा जेल से पाएं ठंडक

केमिकल वाले रंगों से होने वाली जलन को रोकने के लिए एलोवेरा जेल रामबाण है। यह त्वचा को ठंडक देने के साथ-साथ उसे अंदर से रिपेयर करता है। होली के सीजन में रोजाना एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करें। यह त्वचा की नमी को बरकरार रखता है और उसे बाहरी नुकसान से बचाने में मदद करता है।

फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

# जेंडया और टॉम हॉलैंड ने की गुपचुप शादी स्टाइलिस्ट का दावा



हॉलीवुड के क्यूट कपल जेंडया और टॉम हॉलैंड ने गुपचुप शादी कर ली है! जी हां, यह दावा किया है सेलिब्रिटी स्टाइलिस्ट लॉ रोच ने। एक्टर अवाड्र्स 2026 के रेड कारपेट पर बातचीत के दौरान, रोच ने हिंट दिया है कि 'स्पाइडर मैन' कपल ने शायद शादी कर ली है। लॉ रोच, कई साल से जेंडया के साथ मिलकर काम कर रही हैं। जब 'एक्सेस हॉलीवुड' ने इवेंट के दौरान लॉ रोच से कपल के रिश्ते के बारे में पूछा गया, तो सेलिब्रिटी स्टाइलिस्ट ने कहा, 'उनकी शादी पहले ही हो चुकी है।' रविवार, 1 मार्च को मौका था साल 2026 के एक्टर अवाड्र्स में रेड कार्पेट का। इस दौरान लॉ रोच मीडिया से बात कर रही थीं। जेंडया की लंबे समय से स्टाइलिस्ट ने कहा, 'शादी पहले ही हो चुकी है।' इसके बाद उन्होंने मजाकिया लहजे में आगे मीडिया से कहा', 'आपने इसे मिस कर दिया।' इस पर रिपोर्टर ने फिर पूछा, 'क्या यह सच है?' लॉ रोच ने हंसते हुए जवाब दिया, 'बिल्कुल, यह बहुत ही सच्ची बात है!' लॉ रोच के दावे के बाद जहां सोशल मीडिया पर फैंस दीवाने हो गए हैं, वहीं बीते साल सगाई की अटकलें वाली खबरें फिर से वायरल हो रही हैं। 5 जनवरी को 2025 के गोल्डन ग्लोब अवाड्र्स के दौरान 29 साल की जेंडया अपने बाएं हाथ की रिंग फिंगर में डायमंड की अंगूठी पहने नजर आई थीं। तब टीएमजेड ने अगले दिन 6 जनवरी को कपल के करीबी सूत्र के हवाले से इस खबर को कन्फर्म किया था। बताया कि जेंडया और टॉम हॉलैंड ने सगाई कर ली है। उसी दिन, यानी 6 जनवरी को ही 'पीपुल' मैगजीन ने भी सूत्र के हवाले से बताया कि 'क्राउडेड रूम' स्टार टॉम हॉलैंड जो खुद भी 29 साल के हैं, कुछ समय से 'ड्यून' की एक्ट्रेस को प्रपोज करना चाहते थे।

## टॉलीवुड

# तृषा के शादी क्यों नहीं की? 11 साल पहले टूटी थी सगाई, विजय से दूरी



तमिल सिनेमा की सुपरस्टार एक्ट्रेस तृषा कृष्णन लगातार सुर्खियों में हैं। 'साउथ इंडिया की क्वीन' कही जाने वाली तृषा ना सिर्फ तमिल और तेलुगू, बल्कि देश की सबसे महंगी एक्ट्रेसेस में शुमार हैं। अपने 20 साल से अधिक के करियर में दर्जनों हिट-सुपरहिट देने वाली इस एक्ट्रेस ने 1999 के 'मिस चेन्नई' का ताज जीता था। पांच फिल्मफेयर साउथ अवॉर्ड, तमिलनाडु राज्य फिल्म पुरस्कार और नंदी पुरस्कार जीत चुकीं तृषा 42 साल की हैं। लेकिन, इस उम्र में भी सिंगल हैं। उन्होंने अब तक शादी नहीं की। बीते शुक्रवार को जैसे ही यह खबर आई कि थलपति विजय की पत्नी संगीता सोरनलिंगम ने तलाक के लिए अर्जी दी है, सोशल मीडिया पर तृषा के नाम की चर्चा बढ़ गई। दरअसल, विजय की पत्नी ने अपनी अर्जी में पति पर 'बेवफाई' का आरोप लगाया है। संगीता ने बिना नाम लिए दावा किया कि एक एक्ट्रेस के साथ उनके पति का एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर है। इसके बाद से ही अटकलें शुरू हो गईं। विजय के साथ एक बार फिर से तृषा कृष्णन का नाम जुड़ने लगा। सिनेमा की दुनिया, खासकर हीरोइनों की पर्सनल लाइफ और शादी को लेकर कयासबाजी कोई नई बात नहीं है। गॉसिप के बाजार में टॉप एक्ट्रेसेस की उम्र जैसे-जैसे बढ़ती है, कभी सच तो कभी अफवाह, उनकी लव लाइफ को लेकर तमाम तरह की चर्चाएं शुरू हो जाती हैं। तृषा के साथ भी कुछ ऐसा ही है। उनका नाम पहले भी थलपति विजय से जुड़ा है। इतना ही नहीं, वह कभी राणा दग्गुबाती के साथ अफेयर को लेकर भी चर्चा में रही हैं। वैसे, जहां तक शादी की बात है, तो तृषा की करीब 11 साल पहले 2015 में एक बिजनसमैन के साथ सगाई भी हुई थी।

## भोजपुरी

# पवन पर तंज कसते हुए ज्योति ने शेयर किया ग्लैमरस वीडियो



भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह एक बार फिर से पति को निशाने पर लिया है। बता दें कि पति-पत्नी के तलाक का मामला अभी कोर्ट में है और इसी बीच ज्योति ने अपने पति का नाम लिए बिना उनपर तंज भी कसा है। ज्योति ने कहा है कि उन्होंने दिल को बाजार नहीं बनाया। बता दें कि ज्योति ने अपना नया यूट्यूब चैनल 'ज्योति सिस्टर व्लॉग' लॉन्च किया है। अब ज्योति अपने इस ब्लॉग में दिल खुलकर अपनी जिंदगी के किस्से शेयर किया करेंगी। बता दें कि भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह और उनकी पत्नी ज्योति सिंह के तलाक का मामला कोर्ट में है। दोनों की शादीशुदा जिंदगी में लंबे समय से तूफान मचा हुआ है। हालांकि, यहां हैरानी वाली बात ये भी है कि पवन सिंह जहां तलाक की गुजारिश कर रहे हैं, वहीं ज्योति आज भी उनका साथ चाहती हैं। हालांकि, ज्योति का कहना है कि अगर उन्हें अलग होना ही है तो उन्हें एलीमनी दी जाए। हालांकि, अब ऐसा लग रहा है कि ज्योति भी मूव ऑन करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने अपने एक खूबसूरत वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इस वीडियो में खुले बालों में ज्योति बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। उन्होंने इस वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा है, 'मुझे अपने ऊपर काफी गर्व है। मैंने दिल को दिल रहने दिया, बाजार नहीं बनाया।' लोगों ने ज्योति की कही इस बात की तारीफ की है। उन्होंने कहा है, 'वाह क्या लाइन कही है आपने।' एक और ने कहा- सही कहा दीदी, सभी लोगों को आप पर गर्व है। वहीं कुछ ने ये भी कहा है कि ये सबसे भैया काबू में नहीं आनेवाले अब।

लाइफ स्टाइल

मर्लिन मुनरो से इंस्पायर्ड रहा

लंदन के रॉयल फेस्टिवल हॉल में आयोजित 79वें बाफ्टा अवाड्र्स में रेड कारपेट पर आलिया भट्ट के लुक ने महफिल ही लूट ली। आलिया ने अपने इस लुक के लिए इंस्पिरेशन हॉलीवुड की लीजेंड एक्ट्रेस मर्लिन मुनरो से ली है। आलिया भट्ट ने बाफ्टा अवॉर्ड में सिल्वर मेटैलिक कलर की शिमरी ड्रेस पहनी थी। एक्ट्रेस ने लाइट मेकअप किया था और बालों को खुला रखा था। वह बिल्कुल हॉलीवुड के गोल्डन एरा की एक्ट्रेस नजर आ रही थीं।



# शादी या अन्य समारोह में पहन सकती हैं आकर्षक व स्टाइलिश ब्लेजर

शादी या अन्य समारोह में महिलाओं की पोशाकों का चयन करना कभी-कभी मुश्किल हो सकता है। खासकर जब बात ब्लेजर की हो।

ब्लेजर न केवल आपके लुक को स्टाइलिश बनाता है बल्कि आरामदायक भी होता है। आइए आज हम आपको पांच ऐसे ब्लेजर स्टाइल्स के बारे में बताते हैं, जो शादी या अन्य समारोह में पहनने के लिए बेहतरीन हैं और आपको खास महसूस कराएंगे।

**सेक्विन बेल्जर :** सेक्विन ब्लेजर हमेशा से ही फैशन में रहे हैं। ये न केवल आपको आकर्षक दिखाते हैं, बल्कि रात की रोशनी में भी आपका लुक खास बनाते हैं। आप इसे किसी साधारण टॉप या शर्ट के साथ पहन सकती हैं। इसके साथ ही हल्की एक्सेसरीज पहनें ताकि आपका लुक बहुत बनावटी न लगे और आप स्टाइलिश दिखें। इस तरह का ब्लेजर आपके पूरे लुक को एक नई ऊंचाई पर ले जाएगा और आपको सबसे अलग दिखाएगा।



**वेलवेट ब्लेजर :** वेलवेट ब्लेजर वर्तमान में चल रही हल्की ठंडक के लिए एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। इसकी नरम बनावट और गहरे रंग इसे खास अवसरों के लिए उपयुक्त बनाते हैं। आप इसे किसी भारी कढ़ाई वाले लहंगे या साड़ी के साथ पहन सकती हैं। इसके साथ ही हल्की एक्सेसरीज पहनें ताकि आपका लुक संतुलित रहे और आप आरामदायक महसूस करें। वेलवेट ब्लेजर न केवल आपको गर्म रखता है, बल्कि स्टाइलिश भी दिखाता है, जिससे आपका पूरा पहनावा खास बनता है।

### एम्ब्रॉयडरी ब्लेजर

एम्ब्रॉयडरी ब्लेजर हमेशा से ही भारतीय शिल्पकला का हिस्सा रहे हैं। ये न केवल देखने में सुंदर लगते हैं, बल्कि पहनने पर भी आरामदायक होते हैं। इन्हें किसी भारी कढ़ाई वाले लहंगे या साड़ी के साथ पहना जा सकता है। इसके साथ भी हल्की एक्सेसरीज पहनें ताकि आपका लुक संतुलित रहे और आप आरामदायक महसूस करें। इस तरह का ब्लेजर आपके पूरे पहनावे को एक नई पहचान देता है और आपको सबसे अलग दिखाता है।

### सिंगल कलर ब्लेजर

एक ही रंग के अलग-अलग शेड्स में पहने जाने वाले कपड़े कभी पुराने नहीं होते। आप सफेद या काले रंग का मोनोक्रोम ब्लेजर चुन सकती हैं और इसे किसी समान रंग की स्कर्ट या पैंट्स के साथ पहन सकती हैं। इसके साथ हल्की एक्सेसरीज रखें ताकि आपका लुक ज्यादा बनावटी न लगे और आप स्टाइलिश दिखें। इस तरह का ब्लेजर आपके पूरे पहनावे को एक नई पहचान देता है और आपको सबसे अलग दिखाता है।

# वसंत के लिए बेहतरीन हैं डिजाइनदार आकर्षक कुर्ते, दिल जीतने में हैं सक्षम





फैशन

वसंत में मौसम सुहावना हो जाता है, लेकिन तापमान में उतार-चढ़ाव आने लगते हैं। ऐसे में सही कपड़े पहनना बहुत जरूरी है, जो आरामदायक होने के साथ-साथ स्टाइलिश भी हो। इस मौसम के लिए कुर्ता एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। कुर्ता न केवल आपको ठंडक देता है, बल्कि इसमें आप अलग-अलग रंगों और डिजाइनों के साथ प्रयोग कर सकते हैं। आज के फैशन टिप्स में वसंत के लिए तरह के कुर्तों के विकल्प जानिए।

**हल्के रंगों के कुर्ते :** वसंत ऋतु में हल्के रंगों के कुर्ते सबसे अच्छे लगते हैं। हल्के गुलाबी, नीले या हरे जैसे रंग इस मौसम के लिए उपयुक्त होते हैं। ये रंग न केवल आपको ताजगी का एहसास देंगे, बल्कि धूप में भी आपको ठंडक पहुंचाएंगे। इसके अलावा हल्के रंगों के कुर्ते पहनकर आप हर मौके पर आकर्षक दिख सकती हैं। इन रंगों का चयन करते समय ध्यान रखें कि वे आपकी त्वचा के रंग से मेल खाते हों।

**प्रिंटेड कुर्ते :** प्रिंटेड कुर्ते इस मौसम में बहुत चलन में रहते हैं। फूलों वाले डिजाइन या अन्य आकृतियों के प्रिंट आपके लुक को खास बना सकते हैं। ये प्रिंट न केवल स्टाइलिश लगते हैं, बल्कि इन्हें पहनकर आप भीड़ से अलग महसूस कर सकती हैं।

**शाही अंदाज के लिए रेशमी कुर्ते :** अगर आप कुछ शाही अंदाज चाहते हैं तो बनारसी सिल्क जैसे रेशमी कुर्ते आपके लिए सही विकल्प हो सकते हैं। इनकी जरी की कारीगरी और चमकदार कपड़ा इस्तेमाल किया जाता है, जिससे आप किसी भी खास मौके पर आकर्षण का केंद्र बन सकती हैं। रेशमी कुर्ते खासतौर पर शादी-ब्याह या अन्य उत्सवों में पहने जाते हैं। इनकी खासियत यह है कि ये न केवल देखने में सुंदर लगते हैं, बल्कि इन्हें पहनकर आप बहुत आरामदायक महसूस कर सकती हैं।

**हाथ से की गई कढ़ाई वाले कुर्ते :** हाथ से की गई कढ़ाई वाले कुर्ते पारंपरिक कला को दर्शाते हैं और इन्हें पहनकर आप अपने लुक को खास बना सकती हैं। ये कुर्ते न केवल सुंदर लगते हैं, बल्कि इनमें कढ़ाई भी बारीकी से की जाती है, जिससे उनका आकर्षण बढ़ जाता है। हाथ से की गई कढ़ाई वाले कुर्ते पहनकर आप किसी भी अवसर पर अलग नजर आएंगी और आपकी पारंपरिक कला की सराहना होगी।

**खादी के कुर्ते :** खादी भारतीय संस्कृति की पहचान मानी जाती है, इसलिए खादी के कपड़े पर्यावरण अनुकूल होते हैं। इन्हें पहनकर आप स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा दे सकती हैं और ठंडक महसूस कर सकती हैं। खादी के कुर्ते हर मौसम में आरामदायक होते हैं और इनमें अलग-अलग रंगों का चयन किया जा सकता है। इन सभी विकल्पों को ध्यान में रखते हुए आप वसंत ऋतु में अपने कपड़ों को स्टाइलिश बना सकती हैं।

# त्योहारों पर महिलाएं इन तरीकों से स्टाइल करें धोती पैंट, मिलेगा ट्रेंडी और अलग लुक

धोती पैंट का चलन इन दिनों बहुत बढ़ गया है। यह पारंपरिक और आधुनिकता का बेहतरीन मेल है। इस प्रकार की पोशाक न केवल आरामदायक होती है, बल्कि आपको एक खास लुक भी देती है। धोती पैंट को सही तरीके से पहनने से आप किसी भी मौके पर आकर्षक दिख सकती हैं। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताते हैं, जिनसे आप धोती पैंट को अच्छी तरह स्टाइल कर सकती हैं।

**कुर्ता के साथ धोती पैंट :** धोती पैंट के साथ कुर्ता पहनना एक बेहतरीन आउटफिट होता है। इससे आपका लुक पारंपरिक और आधुनिकता का बेहतरीन मेल लगेगा। आप किसी भी रंग का कुर्ता चुन सकती हैं, जो आपकी धोती पैंट के रंग से मेल खाता हो। यह स्टाइल आपको एक शाही अंदाज देगा और हर किसी की नजरें आपकी ओर खिंचेंगी। इसके अलावा आप कुर्ते की लंबाई और डिजाइन पर भी ध्यान दें, ताकि यह आपके पैंट के साथ अच्छा लगे।



### ब्लाउज के साथ धोती पैंट

ब्लाउज के साथ धोती पैंट पहनना भी एक अच्छा निर्णय हो सकता है। इससे आपको एक अलग लुक मिल जाएगा और आप भीड़ में चमकेंगी। आप किसी भी तरह का ब्लाउज चुन सकती हैं, चाहे वह डिजाइनर हो या फिर कोर्सेट वाला। ब्लाउज की फिटिंग पर खास ध्यान दें, ताकि वह आपके शरीर पर अच्छी तरह से बैठे। इसके साथ आप हल्के गहने पहन सकती हैं, जो आपके लुक को और भी आकर्षक बनाएंगे।

### लहंगा स्टाइल धोती पैंट

अगर आप कुछ नया आजमाना चाहती हैं तो लहंगा स्टाइल धोती पैंट पहनें। इसमें आप लहंगा की तरह कीलिंग्स का उपयोग कर सकती हैं, जो आपकी धोती पैंट को एक नया रूप देगा। इस तरह की पोशाक पहने हुए आप न केवल आकर्षक दिखेंगी, बल्कि सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित होगा।

# पुरुषों के लिए पारंपरिक डिजाइन वाली शानदार डेनिम जैकेट हैं बेहतरीन

डेनिम जैकेट पुरुषों के फैशन का अहम हिस्सा बन चुकी हैं। ये न केवल आरामदायक होती हैं, बल्कि स्टाइलिश लुक भी देती हैं।

पारंपरिक डिजाइन वाली डेनिम जैकेट की खासियत यह है कि इन्हें कई तरीकों से स्टाइल किया जा सकता है। आज के फैशन टिप्स में हम आपको 4 तरह की पारंपरिक डेनिम जैकेट के बारे में बताएंगे, जो आपके कपड़ों को नया अंदाज देंगी और आपको हर मौके पर स्टाइलिश दिखाएंगी।

**गहरे रंग की डेनिम जैकेट :** गहरे रंग की डेनिम जैकेट हमेशा से ही पसंदीदा रही हैं। ये न केवल आपको ठंड से बचाती हैं, बल्कि आपके लुक को भी खास बनाती हैं। गहरे नीले या काले रंग की डेनिम जैकेट को आप किसी भी पोशाक के साथ



पहन सकते हैं। इन्हें जींस या चायनीज पैंट, दोनों के साथ पहना जा सकता है। यह मेल आपको एक स्मार्ट और आकर्षक लुक देगा, जो हर मौके पर आपको स्टाइलिश दिखाएगा।

**कढ़ाई वाली डेनिम जैकेट :** कढ़ाई वाली डेनिम जैकेट में एक अलग ही आकर्षण होता है। इन पर की गई कढ़ाई पहनने वाले की व्यक्तित्व को उभारती है और सबसे हटके लुक प्रदान करती है। आप इसमें फूलों की कढ़ाई, ज्योमेट्रिक पैटर्न या किसी खास डिजाइन का चयन कर सकते हैं।

**पैच वर्क वाली डेनिम जैकेट :** पैच वर्क वाली डेनिम जैकेट युवा पीढ़ी में बहुत पसंद की जा रही हैं। इनमें अलग-अलग रंगों और आकारों के पैच लगाकर एक नया अंदाज दिया जाता है। ये जैकेट न केवल देखने में अच्छी लगती हैं, बल्कि पहनने में भी आरामदायक होती हैं। आप इनमें अपने पसंदीदा रंगों और डिजाइन का चयन कर सकते हैं, जिससे आपका लुक और भी खास बनेगा। आप अपनी पसंद के प्रिंट का पैच वर्क बनाकर जैकेट पर लगा सकते हैं।

कार्नर न्यूज

गहनों का सही चयन और उपयोग आपको आत्मविश्वास और आकर्षण दोनों दे सकता है

# महिलाओं के लिए गहनों को स्टाइल करने के आसान तरीके, दिखेंगी सबसे अलग

गहने महिलाओं के लुक को और भी खास बना सकते हैं। सही तरीके से गहनों को पहनना एक कला है, जो आपके पूरे लुक को निखार सकता है। चाहे आप रोजमर्रा के कामों में हों या किसी खास मौके पर, गहनों का सही चयन और उपयोग आपको आत्मविश्वास और आकर्षण दोनों दे सकता है। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और प्रभावी सुझाव देंगे, जिससे आप अपने गहनों को सही तरीके से स्टाइल कर सकें।



### रोजमर्रा के कामों में गहनों का उपयोग

रोजमर्रा के कामों में गहनों का उपयोग करते समय आराम और स्टाइल दोनों का ध्यान रखना जरूरी है। हल्के झुमके या पतले कड़े आपके लुक को निखार सकते हैं बिना किसी असुविधा के। सोने या चांदी के छोटे गहने हमेशा सुरक्षित विकल्प होते हैं, जो हर पोशाक के साथ मेल खाते हैं और आपको सुंदर दिखाते हैं। इन गहनों को पहनकर आप अपने दिनचर्या के कामों में भी आत्मविश्वास से भरी महसूस करेंगी।

### ऑफिस लुक के लिए क्या चुनें

ऑफिस लुक के लिए गहनों का चयन करते समय सरलता और सुंदरता का ध्यान रखना चाहिए। एक पतली चेन वाला पेंडेंट या छोटी बालियां आपके ऑफिस लुक को पेशेवर और स्टाइलिश बनाते हैं। इसके अलावा कलाई घड़ी भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है, जो आपको समय देखने के साथ-साथ स्टाइलिश भी दिखाएगा।

### पार्टी में चमकें

पार्टी में चमकने के लिए आप स्टेटमेंट ईयररिंग्स या चमकदार नेकलेस का चयन कर सकती हैं, जो आपके कपड़ों के साथ मेल खाता हो। अगर आपकी पोशाक पहले से ही भारी कढ़ाई वाली हो तो हल्के गहने चुनें ताकि आपका लुक संतुलित रहे। इसके अलावा आप पतली चेन या कंगन भी जोड़ सकती हैं, जो आपके पूरे लुक को और भी खास बनाएगा। इन सुझावों से आप हर पार्टी में आकर्षक दिख सकती हैं।



### शादी-ब्याह में दिखें खास

शादी-ब्याह के मौके पर भारी गहनों का उपयोग करना चाहिए, जो आपकी पोशाक के साथ पूरी तरह मेल खाता हो। बड़े नेकलेस सेट या बड़े झुमके आपके लुक को शाही अंदाज देंगे। इसके अलावा हाथों में कंगन या चूड़ियां भी जोड़ सकती हैं, जो आपको और भी खूबसूरत बनाएंगी। इन भारी गहनों को पहनकर आप शादी-ब्याह में खास दिख सकती हैं और सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर सकती हैं।